हरिभूमि
# रायपुर भूमि



### दूरी के कारण व्यापारियों ने किया था इनकार

सूत्रों के अनुसार बाराडेरा मंडी का इलाका शहर से दूर है, इसे देखते हुए थोक व्यापारियों ने वहां जाने से इनकार कर दिया था। मंडी में जवाहर बाजार एवं शास्त्री बाजार के थोक फल दुकानों के साथ शास्त्री बाजार के सब्जी दुकानों को भी यहां शिफ्ट किया जाना था, लेकिन इनमें से कोई भी व्यापारी बाराडेरा में जाना नहीं चाहता था।

**करोड़ों रुपयों की बर्बादी**

*इधर करोड़ों रुपए खर्च कर मंडी बनाने के बाद जिला और निगम प्रशासन भी अब इस मंडी को भुला चुका है। इधर मंडी में दुकानों को शिफ्ट नहीं किए जाने के कारण अब इन दुकानों की रखरखाव भी नहीं हो पा रहा है, जिससे दुकानें जर्जर होकर खंडहर में तब्दील हो रही हैं। इस तरह करोड़ों रुपए की बर्बादी भी हुई है।*

## बाराडेरा मंडी में डूब गए 30 करोड़, खुली नहीं और दुकानें जर्जर, परिसर जंगल में तब्दील

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

राजधानी रायपुर से करीब 22 किलीमीटर दूर तुलसी-बाराडेरा स्थित मंडी की दुकानें सालों से वीरान पड़ी होने के कारण अब खंडहर का रूप लेने लगी हैं। इस मंडी को 30 करोड़ रुपए खर्च करके सब्जी और फल की थोक दुकानों को शिफ्ट करने के लिए बनाया गया था, लेकिन व्यापारियों ने इस मंडी में ▸▸ शेष पेज 13 पर



### 55 एकड़ भूमि पर 250 दुकानों का निर्माण

*तुलसी-बाराडेरा में करीब 55 एकड़ जमीन पर फल और सब्जी की थोक दुकानों को शिफ्ट करने के लिए वर्ष 2010 में मंडी बनाई गई थी। इस जमीन के बादले मंडी बोर्ड ने खमतराई में शासन को 6 एकड़ जमीन दी थी। नगर निगम प्रशासन ने इसके बाद 55 एकड़ जमीन के चारों ओर बाउंड्रीवाल और मुख्य गेट लगाने के साथ यहां 250 दुकानों का निर्माण कराया। हालांकि मंडी के निर्माण कार्य की प्रक्रिया 2004 से शुरू होकर 2010 में खत्म हुई थी, लेकिन मंडी के तैयार होने के बाद भी व्यापारी यहां जाने के लिए तैयार नहीं हुए।*

### मेरे कार्यकाल का नहीं, इसलिए जानकारी नहीं

*मेरे कार्यकाल के समय का नहीं है, इसलिए इस मंडी को किसके द्वारा निर्माण कराया गया, यहां कौन-कौन सी थोक दुकानों को शिफ्ट किया जाना था, शिफ्टिंग क्यों नहीं हो पाई, इस बारे में मुझे कोई जानकारी नहीं है।*

*- **अमर पारवानी**, अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ चैंबर्स ऑफ कामर्स*

## खबर संक्षेप

### चाकू के साथ दो गिरफ्तार



**रायपुर।** गंज पुलिस ने दो लोगों को चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर 10 दिसंबर को तेलघानी नाका ओवरब्रिज के नीचे तुलसी पाल 23 वर्ष निवासी नर्मदापारा रायपुर को चाकू के साथ पकड़ा। इसी तरह आरोपी नितिन हरिजन उर्फ बीडी 19 वर्ष निवासी कलिंग नगर गली नंबर 1 गुढ़ियारी को भी 12 इंच का चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों को आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय में पेश कर जेल वारंट पर केंद्रीय जेल भेज दिया है।


### एशियन पेंट चोरी करने वाले दो गिरफ्तार



**रायपुर।** गुढ़ियारी पुलिस ने चोरी के मामले में दो युवकों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी अशोक नगर दुर्गा चौक के पास एशियन पेंट से भरी गाड़ी से 4 काटून पेंट चोरी कर ले गए थे। जांच करते हुए पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी का पेंट बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपियों में मोहित ध्रुव उर्फ बबलू 25 वर्ष निवासी बड़ा अशोक नगर एवं प्रकाश यादव उर्फ भुरू 23 वर्ष निवासी महतारी चौक दुर्गा मंदिर गुढ़ियारी शामिल हैं। पुलिस ने दोनों के कब्जे से 2 काटून 6 डिब्बा एशियन पेंट जब्त किया है, जिसकी कीमत 48 हजार 370 रुपए है। दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

### चाकू लेकर लोगों को डराते एक गिरफ्तार

**रायपुर।** न्यू राजेंद्र नगर पुलिस ने एक युवक के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है। आरोपी चाहत सेन 21 वर्ष शिव चौक लालपुर का निवासी है।



पुलिस को सूचना मिली कि गुरुमुख सिंह नगर मोड़ के पास एक युवक हाथ में चाकू लेकर आम लोगों को आतंकित करते घूम रहा है, जिसे मौके पर चाकू के साथ पकड़ा। पुलिस आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई कर रही है।

### 10 लाख की ठगी, केस दर्ज

**रायपुर।** आमानाका पुलिस ने फर्जी दस्तावेजों के जरिए जमीन का सौदा करने के मामले में अपराध पंजीबद्ध किया है। प्रार्थी गणेश गौले मन्नूचौक टिकरापारा दयालबंद बिलासपुर का रहने वाला है। पुलिस में दर्ज कराई रिपोर्ट में उसने बताया कि मंजू देवी अग्रवाल नामक महिला ने अन्य लोगों के साथ मिलकर उसके साथ ठगी की है। गणेश जमीन खरीदना चाहता था। इसके लिए उसने मंजू से संपर्क किया था। मंजू ने उसे अपनी बताकर एक जमीन दिखाई थी, जिसका सौदा उसने किया था। इस जमीन के मंजू ने दस्तावेज भी दिखाए, जिसे देखने के बाद उसने 10 लाख रुपए उसे दिए, लेकिन बाद में दस्तावेजों की जांच कराई, तो सभी फर्जी निकले।

### डीएमएफ घोटाले से अर्जित की गई ब्लैक मनी से खरीदी थी संपत्ति

# डीएमएफ घोटाला : रानू, माया सहित 10 की 24 करोड़ की चल-अचल संपत्ति कुर्क

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

डीएमएफ घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) रायपुर क्षेत्रीय कार्यालय ने निलंबित आईएएस अफसर रानू साहू, माया वरियर के साथ राधेश्याम मिर्झा, भुनेश्वर सिंह राज, वीरेंद्र कुमार राठौर, भरोसा राम ठाकुर, संजय शेंडे, मनोज कुमार द्विवेदी, ऋषभ सोनी एवं राकेश कुमार शुक्ला की 23.79 करोड़ रुपए की संपत्ति को कुर्क किया है। इसमें 21.47 करोड़ रुपए की अचल संपत्ति है, जिसे अटैच किया है। यह संपत्ति डीएमएफ घोटाले से अर्जित की गई ब्लैक मनी से खरीदी गई थी।

### 90.35 करोड़ रुपए का घोटाला

डीएमएफ घोटाला मामले में ईडी ने रानू साहू, माया वरियर एवं मनोज कुमार द्विवेदी को गिरफ्तार किया जा चुका है, वहीं शेष 7 आरोपी अब तक गिरफ्त से बाहर हैं। ईडी ने इस घोटाला मामले में 9 दिसंबर को प्रेस नोट जारी किया है, जिसके अनुसार इस घोटाला मामले में अनंतिम कुर्की का आदेश जारी किया है। इसके तहत इन सभी आरोपियों की भूमि, आवासीय संपत्तियां, सावधि जमा और बैंक शेष सहित 21.47 करोड़ रुपये मूल्य की अचल और 2.32 करोड़ रुपए की चल संपत्तियां मिलाकर 23.79 करोड़ रुपए की संपत्ति कुर्क की है।

### ईडी ने प्रेस नोट द्वारा जारी किया अनंतिम कुर्की का आदेश

**खास बातें**

- इस मामले में गिरफ्तार मनोज द्विवेदी को भी ईडी ने कोर्ट में किया पेश
- ईडी ने ठेकेदारों लोक सेवकों और उनके सहयोगियों के विभिन्न परिसरों में कई तलाशी ली
- आरोप था कि राज्य सरकार के अधिकारियों ने ठेकेदारों के साथ मिलीभगत करके जिला खनिज निधि को हड़पने की साजिश रची




### रानू-माया की 17 दिसंबर तक बढ़ी न्यायिक रिमांड

डीएमएफ घोटाला मामले में मंगलवार को रानू साहू और माया वरियर को ईडी कोर्ट में पेश किया गया। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने दोनों की 7 दिन की न्यायिक रिमांड बढ़ा दी है। इस तरह अब दोनों 17 दिसंबर तक न्यायिक रिमांड पर रहेंगे। इसके अलावा इस मामले में गिरफ्तार मनोज द्विवेदी को भी कोर्ट में पेश किया गया।

### 2.32 करोड़ रुपए के नकदी-आभूषण जब्त

जांच के दौरान ईडी ने ठेकेदारों, लोक सेवकों और उनके सहयोगियों के विभिन्न परिसरों में कई तलाशी ली और इसके परिणामस्वरूप 2.32 करोड़ रुपये की बेहिसाबी नकदी और आभूषण जब्त किए गए और जांच से पता चला कि जब्त की गई रकम डीएमएफ कार्यों के निष्पादन के दौरान इन लोक सेवकों द्वारा प्राप्त रिश्वत राशि का हिस्सा थी। इस तरह इस मामले में अब तक कुल अपराध आय (पीओसी) 90.35 करोड़ रुपये है, जिसमें से अब तक 23.79 करोड़ रुपये की अचल और चल संपत्तियां अंतिम रूप से कुर्क की गई हैं। इस घोटाले की जांच अभी जारी है।

### 15 से 42 प्रतिशत तक कमीशन का खेल

उल्लेखनीय है कि यह कार्रवाई जांच धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत की गई है। ईडी ने आईपीसी 1860 की विभिन्न धाराओं के तहत छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा दर्ज 3 अलग-अलग एफआईआर के आधार पर जांच शुरू की, जिसमें आरोप लगाया गया था कि राज्य सरकार के अधिकारियों ने ठेकेदारों के साथ मिलीभगत करके जिला खनिज निधि (डीएमएफ) को हड़पने की साजिश रची। डीएमएफ ठेकों को धोखाधड़ी से हासिल करने के लिए, ठेकेदारों ने भ्रष्ट सार्वजनिक अधिकारियों को अनुबंध मूल्य के 15 से 42 प्रतिशत तक का भारी मात्रा में कमीशन, अवैध रिश्वत का भुगतान किया। ईडी की जांच ने डीएमएफ घोटाले के तौर-तरीकों का खुलासा किया है और यह पता चला है कि ठेकेदारों के बैंक खाते में जमा किए गए धन का बड़ा हिस्सा ठेकेदारों द्वारा सीधे नकद में निकाल लिया गया था या आवास प्रवेश प्रदाताओं को स्थानांतरित कर दिया गया था, जिसके बदले ठेकेदारों को नकद प्राप्त हुआ था। आवास प्रवेश प्रदाताओं के साथ इन लेन-देन को विक्रेताओं द्वारा बिना किसी वास्तविक खरीद के माल की खरीद के रूप में दिखाया गया था। विक्रेताओं द्वारा प्राप्त नकदी का उपयोग डीएमएफ कार्य आवंटित करने और/या इस संबंध में विक्रेता के बिलों को मंजूरी देने के लिए जिम्मेदार सार्वजनिक अधिकारियों को रिश्वत देने के उद्देश्य से किया गया था और इस नकदी का एक हिस्सा विक्रेताओं द्वारा अपने लाभ के लिए भी इस्तेमाल किया गया था।

## 9 दिनों तक रायपुर से विशाखापट्टनम पैसेंजर व एक्सप्रेस ट्रेन रद्द



हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

रेलवे में ट्रेन रद्द का सिलसिला जारी है। संबलपुर मंडल में दोईकलु मुनीगुडा बिसमकटक स्टेशनों पर तीसरी लाइन का नॉन इंटरलॉकिंग कार्य होने कारण रायपुर से गुजरने वाली दो मुख्य ट्रेनों को रेलवे ने रद्द कर दिया है, जिसमें पैसेंजर और एक्सप्रेस ट्रेन शामिल है। 08527 रायपुर-विशाखापट्टनम पैसेंजर 3 जनवरी से 9 जनवरी तक रद्द रहेगी। विशाखापट्टनम से 08528 पैसेंजर 2 से 8 जनवरी तक प्रभावित रहेगी। इसके अलावा 18529 दुर्ग विशाखापट्टनम एक्सप्रेस 3 जनवरी से 8 जनवरी तक रद्द रहेगी। 18530 विशाखापट्टनम दुर्ग एक्सप्रेस 3 जनवरी से 8 जनवरी तक रद्द रहेगी।

- **संबलपुर में चलेगा तीसरी लाइन का काम**

### एलटीटी एक्सप्रेस में तीन एसी कोच की सुविधा

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से होकर चलने वाली गाड़ी संख्या 12880/12879 भुवनेश्वर-एलटीटी-भुवनेश्वर एक्सप्रेस में दो एसी-3 कोच की सुविधा अस्थायी रूप से उपलब्ध कराई जा रही है। यह सुविधा गाड़ी संख्या 12880 भुवनेश्वर-एलटीटी एक्सप्रेस में दिनांक 12 दिसंबर से 30 दिसंबर तक व गाड़ी संख्या 12879 एलटीटी-भुवनेश्वर एक्सप्रेस में दिनांक 14 दिसंबर से 01 जनवरी 2025 तक उपलब्ध रहेगी।

### बीकानेर एक्सप्रेस अब लालगढ़ स्टेशन से रवाना होगी

उत्तर पश्चिमी रेलवे के बीकानेर रेलवे स्टेशन में गाड़ियों की भारी भीड़ देखते हुए 20471/20472 बीकानेर-पूरी-बीकानेर एक्सप्रेस ट्रेन का बीकानेर के स्थान पर लालगढ़ स्टेशन से रवाना की जाएगी। 5 जनवरी को बीकानेर से चलने वाली 20471 बीकानेर-पूरी एक्सप्रेस ट्रेन बीकानेर के स्थान पर यह गाड़ी लालगढ़ से पूरी के लिए रवाना होगी। इसी प्रकार 05 जनवरी को पूरी से चलने वाली 20472 पूरी–बीकानेर एक्सप्रेस ट्रेन बीकानेर तक चलने वाली एक्सप्रेस लालगढ़ तक ही चलेगी।

## उत्तर की ठंडी हवा ने दिखाया असर, शहर में पांच और माना में छह डिग्री लुढ़का पारा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

बंगाल की खाड़ी से आने वाली नमी की वजह से रायपुर समेत प्रदेश के अधिकतर इलाकों से गायब हुई ठंड की वापसी हो गई है। उत्तर की शुष्क हवा के आगमन से राजधानी में न्यूनतम तापमान में पांच और माना में छह डिग्री की गिरावट हुई है। ठंड का प्रभाव तीन से चार दिन तक रहने की संभावना है।

मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के अनुसार ठंड का असर बढ़ने की वजह से सरगुजा संभाग में बलरामपुर समेत आसपास के क्षेत्र में सुबह के वक्त धुंध गहराने लगी है। पिछले दिनों आए पश्चिमी विक्षोभ सरगुजा संभाग में बेअसर था इसलिए ठंड ▸▸ शेष पेज 13 पर

- राज्य में ठंड की वापसी, अगले तीन से चार दिन तक रहेगा असर



### कहां कितना डिग्री कम हुआ तापमान

| | |
|---|---|
| अंबिकापुर | 2.8 |
| बिलासपुर | 4.8 |
| दुर्ग | 4.2 |
| जगदलपुर | 0.7 |
| पेण्ड्रारोड | 5.0 |
| रायपुर | 4.9 |
| माना | 6.0 |
| राजनांदगांव | 3.5 |

## शहर में बढ़ी चोरी की वारदातें, सेवानिवृत्त कर्मचारी के सूने घर से 70 हजार के जेवरात ले उड़े चोर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

राजधानी रायपुर में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। चोर सूने मकानों को टारगेट कर चोरी की वारदातों को लगातार अंजाम दे रहे हैं। वहीं दूसरी ओर पुलिस प्रशासन यह दावा करते नहीं थकता कि सभी थाना क्षेत्रों में रातभर पुलिस पार्टी गश्त करती है, जिससे चोरी की वारदातों पर अंकुश लगा है। पुलिस के इन दावों की पोल चोर आये दिन चोरी की वारदात को अंजाम देकर खोल रहे हैं। ऐसी ही एक वारदात शहर के पीएस सिटी कालोनी चंगोराभाठा इलाके में हुई है। इस कालोनी में रहने वाले एक सेवानिवृत्त कर्मचारी के सूने घर में चोरों ने धावा



बोलकर 70 हजार रुपए कीमत के जेवरात चोरी कर लिए। घटना की रिपोर्ट के बाद पुलिस आरोपियों की पतासाजी में लगी हुई है।

जल संसाधन विभाग से सेवानिवृत्त हुए भागीरथी लाडिया का पीएस सिटी कालोनी में घर है। पुलिस में दर्ज कराई गई रिपोर्ट में भागीरथी ने बताया कि वह घर पर ताला लगाकर ▸▸ शेष पेज 13 पर

### मणि कंचन केंद्र में चोरी

एक अन्य मामले में बिरगांव नगर निगम क्षेत्र में शासकीय कार्यालय मणि कंचन केंद्र के रावांभाठा सेंटर में चोरी हो गई। निगम द्वारा स्वच्छता अभियान के तहत बिरगांव में मणि कंचन केंद्र संचालित किया जा रहा है, जिसके माध्यम से स्व सहायता महिला समूह को रोजगार देते हुए स्वच्छता से संबंधित विभिन्न कार्य कराए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि 26 अक्टूबर को दोपहर 2 बजे से 27 अक्टूबर को सुबह 7 बजे तक केंद्र सूना पड़ा हुआ था। इसी दौरान अज्ञात चोरों ने केंद्र से 3 चार्जर, 3 ई-रिक्शा चाबी, वायर कनेक्शन चोरी कर ले गया। चोरी गई सामग्री की कुल कीमत दस हजार रुपए के करीब बताई गई है। पुलिस ने इस मामले में भी अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## रविवि प्राध्यापकों के 60 पदों के लिए निकालेगा भर्ती

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

पं. रविशंकर शुक्ल विवि प्राध्यापकों के 60 पदों के लिए जल्द ही विज्ञापन जारी करेगा। मौजूदा शैक्षणिक सत्र में रविवि को प्राध्यापकों के 120 पदों पर भर्ती की मंजूरी मिली थी। विभाग ने 23 जुलाई को 2 चरणों में इन पदों पर भर्ती को स्वीकृति प्रदान की थी। इसके अंतर्गत प्रथम चरण के लिए संशोधित विज्ञापन 3 अक्टूबर को जार किया गया था। 60 पदों के लिए विज्ञापन निकाला जाना शेष है। इन पदों पर भर्ती के लिए विवि द्वारा गठित रोस्टर समिति की बैठक में निर्धारित बिंदुओं को कार्यपरिषद की बैठक में अनुमति प्रदान कर दी गई है। सूत्रों के अनुसार, अब इन पदों के लिए शीघ्र ही विज्ञापन जारी किए जाएंगे।

पूर्व में जारी हो चुके 60 पदों के लिए विज्ञापन को छोड़कर शेष पदों के लिए विवि को एक युनिट मानते हुए रोस्टर बिंदुओं का निर्धारण किया गया है। द्वितीय ▸▸ शेष पेज 13 पर

- **उच्च शिक्षा विभाग ने दो चरणों में भर्ती के लिए दी थी स्वीकृति**



### योगा में सिर्फ एक पद

तय किए रोस्टर के मुताबिक, सर्वाधिक 8 पद सेंटर फॉर बेसिक साइंस के अंतर्गत हैं। यहां फिजिक्स, कैमेस्ट्री, मैथेमैटिक्स व बायोलॉजी के 2-2 पदों पर नियुक्ति की जाएगी। इसके अलावा भूगोल में 5, समाजशास्त्र और समाजकार्य में 1, एंथ्रोपोलॉजी में 4, साहित्य एवं भाषा में 3, अर्थशास्त्र में 1, फिजिक्स में 4, गणित में 3, सांख्यिकी में 3, कैमेस्ट्री में 2, जियोलॉजी में 3, दर्शनशास्त्र व योगा में 1, लाइफ साइंस में 3, पर्यावरण विज्ञान में 3 पदों पर भर्ती होगी।

### 21 अभ्यर्थियों को पुनः मौका

प्रथम चरण में आवेदन करने वाले 480 कैंडिडेट्स में से 21 अभ्यर्थियों ने डिमांड ड्राफ्ट अन्य नामों से जमा कर दिए थे। डिमांड ड्राफ्ट कुलसचिव के नाम जमा किए जाने थे। इन अभ्यर्थियों को त्रुटि सुधारने का मौका देते हुए अन्य नाम से संलग्न डीडी को वापस लौटाते हुए निर्धारित तिथि तक कुलसचिव के नाम से डिमांड ड्राफ्ट जमा करने कहा गया है।

### पहले भी स्थगित की जा चुकी है प्राध्यापक भर्ती परीक्षा के लिए दस्तावेज सत्यापन प्रक्रिया

## ये कैसे विशेषज्ञ? चार घंटे में एक कैंडिडेट का भी दस्तावेज सत्यापन नहीं कर सका पीएससी, भड़के प्राध्यापक तो कहा- कल फिर आइए...

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

अलग खबर

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग एक बार फिर प्राध्यापकों का दस्तावेज सत्यापन नहीं कर सका है। उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत प्राध्यापकों के 595 पदों पर भर्ती की जानी है। इसके लिए पीएससी ने अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन के लिए 10 से 17 दिसंबर तक बुलाया था। पिछली बार की तरह अव्यवस्था ना हो, इसलिए विषयवार कैंडिडेट्स को बुलाया जा रहा है। प्रथम दिवस मंगलवार को इंग्लिश विषय के उम्मीदवारों को बुलाया गया। दस्तावेज सत्यापन के लिए उच्च शिक्षा विभाग द्वारा मात्र एक पैनल भेजा गया था। इस पैनल में तीन सदस्य थे। यह पैनल चार घंटे में एक उम्मीदवार का भी दस्तावेज सत्यापन नहीं कर सका।

कार्यालयीन समय समाप्त होने के बाद जब प्राध्यापक पद के बाकी उम्मीदवार भड़के तो पीएससी ने उन्हें बुधवार को आने की बात कहते हुए कहा कि अगले दिन आने पर दस्तावेज ▸▸ शेष पेज 13 पर

### उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत प्राध्यापकों के 595 पदों पर होनी है भर्ती

### 2 से 16 दिसंबर तक होना था सत्यापन




गौरतलब है कि पीएससी ने प्राध्यापक भर्ती के लिए अभ्यर्थियों को पूर्व में 2 से 16 दिसंबर तक बुलाया था। उस दौरान उच्च शिक्षा विभाग ने जो टीम भेजी थी, वह उम्मीदवारों के एपीआई अर्थात अकेडमिक परफॉर्मेंस इंडेक्स की गणना नहीं कर सकी थी। उस बीते सप्ताह भी पीएससी दफ्तर में हंगामे की स्थिति निर्मित हो गई थी। आनन-फानन में दस्तावेज सत्यापन प्रक्रिया को स्थगित करते हुए पीएससी ने नवीन तिथि ▸▸ शेष पेज 13 पर

### अधिकारियों ने कहा- कल बुलाएंगे अधिक पैनल


दस्तावेज सत्यापन के लिए पहुंचे उम्मीदवारों को पीएससी ने कहा कि बुधवार से अधिक पैनल बुलाए जाएंगे, ताकि दस्तावेजों का सत्यापन अधिक से अधिक हो सके। गौरतलब है कि प्राध्यापकों के अकादमिक परफॉर्मेंस के आधार पर एपीआई की गणना की जाती है। इसके तकनीकी बिंदू जटिल होते हैं। शोध, गाइड, रिसर्च पेपर पब्लिकेशन सहित ▸▸ शेष पेज 13 पर

**पाठक सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

## खबर संक्षेप



### केंद्रीय मंत्री किंजरापु से मिले बृजमोहन

**रायपुर।** सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने मंगलवार को नई दिल्ली में केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू से मुलाकात की। इस दौरान रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट से अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें शुरू करने के संबंध में एयरपोर्ट पर कस्टम, इमिग्रेशन ऑफिस, कार्गो हब, नाइट पार्किंग सुविधा विकसित करने को लेकर व्यापक चर्चा कर रायपुर एयरपोर्ट के उन्नयन के लिए अपने विचार साझा किए। बैठक का उद्देश्य छत्तीसगढ़ की कनेक्टिविटी को मजबूत बनाना और इसे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नई ऊंचाइयों पर ले जाना था। इस अवसर पर सांसद जगदंबिका पाल और विधायक सुनील सोनी भी उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री आज पखांजूर जाएंगे

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय बुधवार को हेलीकॉप्टर से पखांजूर जाएंगे। जारी कार्यक्रम के अनुसार दोपहर 2 बजे पुलिस मुख्यालय हेलीपेड नवा रायपुर से हेलीकॉप्टर से पखांजूर जाएंगे। मुख्यमंत्री वहां की पुराना बस स्टैण्ड स्वर्गीय असीम राय की प्रतिमा का अनावरण करने के बाद नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में विकास कार्यो का लोकार्पण एवं शिलान्यास और आम सभा को संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री पखांजूर से संध्या 5 बजे रायपुर लौट आएंगे। शाम 5 बजे रायपुर के भाटागांव अंतर्राज्जीय बस टर्मिनल में नवनिर्मित को-वर्किंग स्पेस आरंभ एवं इनोवेशन सेंटर इनोवेट का लोकार्पण करेंगे।

### सौर ऊर्जा से जगमग होंगे 23 प्रमुख पर्यटक स्थल

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सोनाखान की धरती से बलौदाबाजार भाटापारा जिले के 23 प्रमुख ऐतिहासिक एवं पर्यटक स्थलों के लिए सोलर हाईमास्ट लगाने की महत्वपूर्ण घोषणा की है। इसमें 23 स्थानों पर 50 से अधिक सोलर हाईमास्ट लाइट लगाने की तैयारी की जा रही है। सोलर हाईमास्ट लाइट लगने से पर्यटकों को काफी सुविधा मिलेगी। साथ ही पर्यावरण संरक्षण के साथ स्थल सुरक्षा को भी बढ़ावा मिलेगा। उक्त कार्य के लिए नोडल एजेंसी क्रेडा को निर्धारित किया गया है।

### सिम्स में साठ दिन की हड़ताल, तीन साल बाद स्वीकृत हुआ अवकाश

**रायपुर।** बिलासपुर के शासकीय मेडिकल कालेज प्रबंधन के खिलाफ साठ दिन की हड़ताल को अवकाश अवधि माना गया है। तीन साल बाद मामले में चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा आदेश जारी किया गया है। कर्मचारियों के आंदोलन को अवकाश मानने के लिए स्वास्थ्य कर्मचारी संघ द्वारा काफी समय से अधिकारियों से डिमांड की जा रही थी।

वर्ष 2021 में छत्तीसगढ़ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल सांइसेस (सिम्स) प्रबंधन पर कर्मचारियों ने निष्क्रियता का आरोप लगाया था। संबंधित डीन को हटाने के लिए उन्होंने मोर्चा खोला और दो दौर में साठ दिन की हड़ताल पर चले गए थे। कर्मचारी आंदोलन के बाद तात्कालीन अधिष्ठाता को हटा दिया गया था। इसके बाद कर्मचारियों की हड़ताल अवधि का वेतन फंस रहा था और कर्मचारी इसे अवकाश स्वीकृत करने की मांग कर रहे थे। शासन द्वारा इस मामले को पेंडिंग में डाल दिया गया था। इसके बाद प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रांताध्यक्ष आलोक मिश्रा सहित अन्य पदाधिकारियों ने स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, चिकित्सा शिक्षा विभाग की आयुक्त किरण कौशल से इस मामले में मुलाकात की थी। शासन की ओर तीन साल पुरानी साठ दिन की लंबी हड़ताल को अवकाश स्वीकृत करने का मंगलवार को आदेश जारी कर दिया है। साथ ही इस बात का जिक्र किया गया है, जिस कर्मचारी का अर्जित अवकाश शेष ना हो उसे असाधारण अवकाश प्रदान किया जाए।

# सोसाइटियों से धान का उठाव शुरू, सवा लाख टन का डीओ कटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में चल रही धान खरीदी के बाद धान का उठाव नहीं होने से पौने दो हजार उपार्जन केंद्रों में बफर स्टॉक की स्थिति को देखते हुए जिले में पंजीकृत मिलरों को डीएमओ द्वारा उठाव के लिए डीओ जारी किया जा रहा है। डीओ जारी करने के बाद मंगलवार से मिलर्स द्वारा धान का उठाव भी शुरू कर दिया गया है। धान उठाव के लिए 1.22 लाख मीट्रिक टन धान का डीओ जारी किया गया, जिसके विरुद्ध 15 हजार मीट्रिक टन धान का उठाव कर लिया गया है। उठाव की गति धीमी होने के कारण अब भी प्रदेश के हजारों खरीदी केंद्रों में बफर स्टॉक के चलते खरीदी पर प्रभाव पड़ा। धान खरीदी केंद्रों में मंगलवार को उठाव शुरू होने के बाद अब मार्कफेड के अधिकारी बफर स्टॉक कम करने पर ध्यान दे रहे हैं। राइस मिलरों द्वारा अपनी मांगों को लेकर दूसरे दिन भी उठाव को लेकर ज्यादा रूचि नहीं दिखाई। जिला प्रशासन के दबाव में कई जिलों से 15 हजार टन धान का उठाव किया गया। वहीं प्रदेश के मिलरों के पंजीयन का काम भी जारी है। 1600 आवेदनों में से लगभग 1200 से अधिक मिलर्स का पंजीयन भी हो गया है। डीएमओ द्वारा उठाव का आदेश जारी किया जा रहा है। वहीं धान खरीदी व्यवस्था पर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा लगातार मॉनीटरिंग की जा रही है। धान का उठाव शुरू होने से समितियों ने राहत की सांस ली है।

**15 हजार मीट्रिक टन धान का हुआ उठाव, अब भी हजारों खरीदी केंद्रों में बफर स्टॉक**



### अब तक 38.98 लाख टन खरीदी

राज्य में धान 14 नवम्बर से शुरू हुए धान खरीदी का सिलसिला अनवरत रूप से जारी है। अब तक 38.98 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हो चुकी है। धान खरीदी के एवज में 8.28 लाख किसानों को बैंक लिकिंग व्यवस्था के तहत 8973 करोड़ 24 लाख रूपए का भुगतान किया गया है। खरीदी केंद्रों में करीब 36 लाख टन से अधिक धान के स्टॉक को देखते हुए मार्कफेड ने संग्रहण केंद्रों के लिए भी उठाव शुरू किया है।

### किसानों के लिए हेल्प लाइन

खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि आज 10 दिसम्बर को 78387 किसानों से 3.02 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी की गई है। इसके लिए 93197 टोकन जारी किए गए थे। आगामी दिवस के लिए 94280 टोकन जारी किए गए हैं। राज्य सरकार धान उपार्जन केन्द्रों में शिकायत एवं निवारण के लिये हेल्प लाइन नंबर जारी किए है। धान बेचने वाले कोई भी किसान इस हेल्पलाईन नम्बर पर फोन कर अपनी समस्याओं का समाधान कर सकते है।

### इन जिलों में अब भी बफर स्टॉक

बताया जाता है कि प्रदेश के महासमुंद, दुर्ग, बेमेतरा, बालोद, धमतरी, कवर्धा, राजनांदगांव जिले के कई खरीदी केंद्रों में बफर स्टॉक की स्थिति बनी हुई है। माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में मिलरों को डीओ मिलने के बाद तेजी से उठाव होगा। प्रदेश के दुर्ग, बेमेतरा, महासमुंद जिले की कई समितियों ने पहले ही जगह न होने के कारण खरीदी बंद होने की संभावनाओं के बाद यहां पर कलेक्टरों को उठाव पर ध्यान देने कहा गया है।

# धान खरीदी में अव्यवस्था कांग्रेस का ब्लॉकों में धरना

**पीसीसी अध्यक्ष की सीएम को चुनौती- एक पंचायत बताएं जहां भुगतान का काउंटर हो**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

किसानों को धान बेचने में हो रही परेशानी तथा धान खरीदी केंद्र में फैली अव्यवस्था को दूर करने कांग्रेस ने प्रदेश के सभी ब्लॉकों में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। कांग्रेस ने राज्यपाल से अनुरोध किया कि धान खरीदी की परेशानी दूर करने के लिये सरकार को निर्देश दें।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मानपुर के दुर्गा चौक में धरने में शामिल हुये। उन्होंने कहा, हम लगातार किसानों की परेशानियों को दूर करने के लिये सरकार से आग्रह कर रहे हैं। धान खरीदी केंद्रों में किसानों को परेशान किया जा रहा। सरकार की मंशा साफ नहीं है। वह किसानों से पूरा धान नहीं खरीदना चाह रही। बारदानों का संकट है, टोकन नहीं मिल रहा, इलेक्ट्रॉनिक कांटे से ज्यादा मात्रा में धान लिया जा रहा, इन सबको लेकर हमने बार-बार सरकार को चेतावनी दी। सरकार के कान में जूं तक नहीं रेंग रही है।

उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री कहते हैं एकमुश्त पैसा दे रहे, जबकि मात्र 2300 की दर में भुगतान हो रहा है। वादा किया था पंचायतों में काऊंटर खोलकर धान का 3100 रुपए एकमुश्त भुगतान करेंगे। मैं मुख्यमंत्री को चुनौती देता हूं कि प्रदेश के कितने पंचायतों में काऊंटर खोलकर किसानों का भुगतान कर रहे, बताएं साहस है तो एक पंचायत का नाम बता दें। सभी ब्लॉकों से अलग-अलग राज्यपाल को ज्ञापन भेजा है। किसानों की समस्या दूर करने के लिये हस्तक्षेप करने को कहा है।




### धनेंद्र और डहरिया ने दिया धरना

रायपुर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन में अभनपुर ब्लॉक में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष धनेंद्र साहू, आरंग में मंदिर हसौद में पूर्व मंत्री शिव डहरिया, धरसीवां में जिला कांग्रेस अध्यक्ष उधो वर्मा, पूर्व विधायक अनीता शर्मा, बिरगांव में पंकज शर्मा, तिल्दा में देवा दास टंडन ने प्रदर्शन में भाग लिया।

### प्रदेश सरकार की धान खरीद नीति से किसान खुश- शर्मा

भारतीय जनता पार्टी के किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रदेश प्रवक्ता संदीप शर्मा ने धान खरीदी को लेकर कांग्रेस द्वारा किए गए धरना-प्रदर्शन को कांग्रेस का फ्लॉप शो बताया। उन्होंने कहा, कांग्रेस प्रदेश के किसानों को अपने झूठ से कतई गुमराह नहीं कर पाएगी। प्रदेश का एक-एक अन्नदाता किसान आज मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली भाजपा की प्रदेश सरकार की धान खरीद नीति से खुशहाल है। धान खरीदी को लेकर कांग्रेस अपने शासनकाल के गलत कामों पर पर्दा डालने के लिए अब किसानों को उकसा कर प्रदेश में अराजकता लाने की नाकाम कोशिश कर रही है। कांग्रेस बारदाना, टोकन और तौल को लेकर मिथ्या प्रलाप करने में लगी है।

# सवन्नी बोले- कांग्रेस अब सीधे चुनावी लड़ाई लड़ने की स्थिति में नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष और नगरीय निकाय चुनाव के प्रदेश प्रभारी भूपेंद्र सवन्नी ने कहा, जबसे छत्तीसगढ़ में भाजपा की प्रदेश सरकार ने नगरीय निकायों के महापौर व अध्यक्षों के प्रत्यक्ष चुनाव का फैसला लिया है, कांग्रेस को अपने पैरों तले अपनी राजनीतिक जमीन के पूरी तरह खिसक जाने का डर सताने लगा है। सच्चाई यह है कि कांग्रेस अब सीधे चुनावी लड़ाई लड़ने की स्थिति में नहीं है। श्री सवन्नी ने कहा, पिछले विधानसभा व लोकसभा चुनाव के बाद हाल ही रायपुर दक्षिण के उपचुनाव में करारी शिकस्त खाने के बाद कांग्रेस अब भाजपा से सीधी चुनाव लड़ाने से डरने लगी है क्योंकि एक तो उसके पास अब नेताओं का अकाल पड़ गया है, दूसरे कांग्रेस में मचा घमासान थमने का नाम नहीं ले रहा है और उसे पर तुर्रा ये की एक साल की विष्णु देव साय सरकार ने मोदी की गारंटी पूरी करते हुए किसानों, महिलाओं, युवा, आम नागरिक के हित, उन्नति के बड़े-बड़े फैसले ले लिए हैं, जो कांग्रेस 5 साल में भी नहीं कर सकी थी। श्री सवन्नी ने कहा, पिछली भूपेश सरकार के कार्यकाल में भी कांग्रेस को 2018 के विस चुनाव में मिली जीत के बाद भी निकाय चुनाव में जीत का जरा भी आत्मविश्वास नहीं था। अपनी सियासी फजीहत से बचने के लिए ही कांग्रेस ने पिछली बार चोर दरवाजे से महापौर और अध्यक्ष के पदों पर जोड़-तोड़ और खरीद-फरोख्त व धमकी-चमकी के दांव-पेंच अपनाकर छद्म जीत दर्ज की थी। कांग्रेस की भूपेश सरकार ने प्रत्यक्ष चुनाव का फैसला पलटने से पहले यह तक नहीं सोचा कि अविभाजित मध्यप्रदेश में कांग्रेस की दिग्विजय-सरकार ने निकायों में महापौर और अध्यक्ष पदों के लिए प्रत्यक्ष चुनाव का निर्णय लिया था। अपनी ही पार्टी के फैसले को पलटते समय कांग्रेस तब भी डर रही थी और आज भाजपा सरकार द्वारा भूपेश सरकार के फैसले को पलटने के बाद भी डरी हुई है।

### एमआईसी की बैठक कल

**रायपुर।** रायपुर नगर निगम के मेयर इन कौंसिल की बैठक 12 दिसंबर को गांधी सदन के एमआईसी कक्ष में आयोजित है। महापौर एजाज ढेबर की अध्यक्षता में आयोजित यह बैठक दोपहर 3 बजे से रखी गई है। जिसमें गरीबों के पेंशन प्रकरण सहित जनहित से जुड़े विषय एमआईसी में चर्चा के लिए रखे जाएंगे। इस बात की जानकारी निगम के सचिव एवं अपर आयुक्त विनोद पांडेय ने दी है।

# श्यामा प्रसाद, कुशाभाऊ, दीनदयाल, अटल बिहारी, राजमाता सिंधिया की मूर्तियों का अनावरण करेंगे नड्डा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



■ कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में स्मृति मंदिर बनाकर रखी गई हैं मूर्तिया

कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में प्रदेश भाजपा संगठन ने अपनी पार्टी के स्वर्गीय दिग्गज नेताओं की स्मृतियों को संजोने के लिए एक स्मृति मंदिर का निर्माण किया है। इसमें कुशाभाऊ ठाकरे, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, अटल बिहारी वाजपेयी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और राज माता सिंधिया की मूर्तियां रखी गई हैं। इन मूर्तियों का अनावरण भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा 13 दिसंबर की शाम को करेंगे। इसी दिन प्रदेश की भाजपा सरकार का एक साल पूरा हो रहा है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष की इसी दिन दोपहर को साइंस कॉलेज के मैदान पर आमसभा भी होगी। प्रदेश की भाजपा सरकार का 13 दिसंबर को एक साल का कार्यकाल पूरा हो रहा है। इस अवसर पर प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को बताने के लिए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा आ रहे हैं। वे यहां पर दिल्ली से दोपहर को 2.50 बजे पहुंचेंगे। विमानतल से वे सीधे साइंस कॉलेज के मैदान जाएंगे। वहां पर एक बड़ी आम सभा होगी। इस सभा की समाप्ति के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकरे परिसर पहुंचेंगे। यहां पर वे सबसे पहले स्मृति मंदिर में पांच नेताओं की मूर्तियों का अनवारण करेंगे। सभी मूर्तियों को पंचधातुओं से बनाया गया है। मूर्तियों को राजनांदगांव के कलाकारों ने तैयार किया है। इस अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम विजय शर्मा, अरुण साव सहित सभी मंत्री, भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन, भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव सहित भाजपा ने सांसद, विधायक, प्रदेश के पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे।



# शिष्टाचार में दी मुख्यमंत्री को शुभकामनाएं, स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में व्यापक सुधार की आवश्यकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पूर्व स्वास्थ्य तथा उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने कहा कि एकीकृत अस्पताल निर्माण की प्रक्रिया शुरू करने के लिए उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को शिष्टाचार के तहत शुभकामनाएं दी थी। कांग्रेस शासनकाल में बनाई गई यह योजना एक सचिव स्तर के अफसर और नाबार्ड की लोन प्रक्रिया की वजह से विलंब हुई थी। उन्होंने कहा स्वास्थ्य सेवा की स्थिति राज्य में अभी चिंताजनक है और इसमें व्यापक सुधार की आवश्यकता है।

हरिभूमि से चर्चा के दौरान पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने कहा कि एकीकृत अस्पताल की योजना कांग्रेस शासनकाल में बनी थी। इसके लिए चिकित्सा महाविद्यालय के हीरक जयंती के दौरान भूमिपूजन भी किया गया था, मगर इसे कांग्रेस शासनकाल में पूरा नहीं किया जा सका, जिसका उन्हें दुख है। इस एकीकृत अस्पताल का निर्माण पूर्ण होने से प्रदेश की जनता को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि राज्य में स्वास्थ्य सेवा को बेहतर बनाने के लिए सबसे पहली जरूरत मानव संसाधन की होती है।



तमाम उपकरण और सुविधाएं डाक्टर सहित चिकित्सकीय स्टॉफ के अभाव में काम की नहीं रह जाती। यहां स्वास्थ्य केंद्रों में इसकी कमी को प्राथमिकता के साथ दूर किए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि पता चला है कि अस्पतालों को आयुष्मान योजना के तहत करोड़ों रुपए का भुगतान नहीं हुआ है जिसकी वजह से उपचार व्यवस्था प्रभावित हो रही है। आंबेडकर अस्पताल के विस्तार के संबंध में उन्होंने कहा कि मरीजों की संख्या के हिसाब से भवन छोटा पड़ रहा है। हमारी योजना जेल की शिफ्टिंग के बाद वहां की जमीन का उपयोग अस्पताल के विस्तार के लिए करने की थी। देवेन्द्र नगर की ऑफिसर कालोनी के नवा रायपुर में शिफ्टिंग के बाद वहां का उपयोग अस्पताल की सुविधा बढ़ाने के लिए किए जाना था मगर दोनों की शिफ्टिंग अब तक नहीं हुई है।

### मुख्यमंत्री ने भी आभार जताया

टीएस सिंहदेव ने कहा कि निर्माण प्रक्रिया शुरू करने के लिए उन्होंने व्यक्तिगत मंशा के अनुरूप शुभकामनाएं दी थी। इसके जवाब में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भी इसके लिए उनका अभार जताया था। पीसीसी चीफ दीपक बैज ने प्रदेश में स्वास्थ्य की लचर व्यवस्था पर जो सवाल उठाएं है वह सही है।

**मिलरों का चार हजार करोड़ का भुगतान है बाकी**

# मिलरों के बकाया पर हो सकता है फैसला, आज होगी कैबिनेट की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में बुधवार को राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक होगी। इस बैठक में राज्य के मिलरों के चार हजार करोड़ रुपयों के बकाया पर भुगतान का निर्णय होने की संभावना है। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ में धान खरीदी की स्थिति की समीक्षा के साथ सोसाइटियों से धान के उठाव को लेकर चर्चा होने की संभावना है।

विधानसभा का सत्र 16 तारीख से है। इस सत्र में लाए जाने वाले विधेयकों पर चर्चा संभावित है।

**विधानसभा सत्र के संबंध में हो सकती है चर्चा**




### बकाया का मामला है अहम

राज्य में धान की कस्टम मिलिंग करने वाले तीन हजार से अधिक मिलरों का पिछले दो साल का करीब चार हजार करोड़ रुपए बकाया है। इसमें से अधिकांश राशि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल की है। बकाया राशि हासिल करने के लिए मिलर लंबे समय से परेशान हैं, सरकार से कई बार मांगे कर चुके हैं, लेकिन अब तक समाधान नहीं हो पाया है। इस बीच मिलरों ने नए खरीफ सीजन में धान की मिलिंग का विरोध शुरु कर दिया था। इसके बाद खुद मुख्यमंत्री श्री साय ने मिलरों से दो दौर की वार्ता करके उन्हें मिलिंग के लिए तैयार किया, इसी समय ये भरोसा भी दिलाया गया कि मिलरों को बकाया राशि अदा की जाएगी। माना जा रहा है कि बुधवार को होने वाली कैबिनेट में इस पर फैसला हो सकता है। इस बात की संभावना भी है कि मिलरों को बताया राशि एकमुश्त न देकर किस्तों में देने का रास्ता निकाला जाए। मिलरों में इस बात पर भी सहमति है।

### धान खरीदी की हो सकती है समीक्षा

इधर राज्य में 14 नवंबर से धान की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी जारी है। लेकिन इस पूरी प्रक्रिया में अब तक की सबसे बड़ी बाधा ये है कि खरीदी केंद्रों से धान का उठाव मिलर नहीं कर रहे हैं। इस वजह से राज्य की करीब पौने दो हजार सोसायटी में धान का बफर स्टॉक हो गया है। सोसायटी वाले धान खरीदी बंद करने की चेतावनी दे रहे हैं, क्योंकि उनके पास खरीदे गए धान को रखने के लिए जगह नहीं बची है। दूसरी ओर राज्य भर से लगातार ये मांग उठ रही है कि धान का परिवहन कराया जाए। माना जा रहा है कि धान खरीदी की समीक्षा के दौरान इस संबंध में कोई निर्णय हो सकता है। इधर 16 दिसंबर से राज्य विधानसभा का सत्र है, इस सत्र में पेश किए जाने वाले विधेयकों और संभावित अनुपूरक बजट के संबंध में चर्चा और निर्णय होने की संभावना है।

# सभी 33 जिलों के लिए प्रभारी सचिव नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में जनकल्याणकारी कार्यक्रमों के क्रियान्वयन और विकास कार्यों की मॉनिटरिंग के लिए प्रभारी सचिव नियुक्त किए गए हैं। संबंधित जिले के प्रभारी सचिव, जिले में संचालित योजनाओं और विकास कार्यों की सतत मॉनिटरिंग करेंगे, ताकि विकास कार्यों को गति दी जा सके। प्रभारी सचिव प्रतिमाह कम से कम एक बार अपने प्रभार जिले का भ्रमण कर विकास कार्यों की समीक्षा करेंगे और अपने भ्रमण के संबंध में एक संक्षिप्त टीप प्रतिमाह मुख्य सचिव को प्रस्तुत करेंगे। सामान्य प्रशासन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अपर मुख्य सचिव रेणु जी पिल्ले को धमतरी जिला का प्रभारी सचिव नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू को दुर्ग, ऋचा शर्मा को रायपुर, मनोज कुमार पिंगुआ को बिलासपुर जिला, प्रमुख सचिव निहारिका बारिक को महासमुंद जिले का प्रभारी सचिव नियुक्त किया गया है। प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा को जांजगीर चांपा, सचिव रोहित यादव को कोरबा, सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह को बस्तर, सचिव परदेशी सिद्धार्थ कोमल को बलौदाबाजार-भाटापारा, सचिव अविनाश चंपावत को राजनांदगांव, सचिव प्रसन्ना आर. को कबीरधाम, सचिव अम्बलगन पी. को जशपुर, सचिव आर शंगीता को सारंगढ़- बिलाईगढ़, सचिव रजत कुमार को रायगढ़, सचिव राजेश सुकुमार टोप्पो को नारायणपुर, सचिव एस. प्रकाश को कोरिया, सचिव अंकित आनंद को बालोद, सचिव डॉ. सीआर. प्रसन्ना को बेमेतरा, सचिव भुवनेश यादव को सूरजपुर, सचिव एस. भारतीदासन को मुंगेली जिले का प्रभारी सचिव नियुक्त किया गया है। सचिव शम्मी आबिदी को कांकेर, सचिव हिमशिखर गुप्ता को गरियाबंद, सचिव मो. कैसर अब्दुलहक को गौरला-पेण्ड्रा-मरवाही, सचिव यशवंत कुमार को बलरामपुर-रामानुजगंज, सचिव भीम सिंह को कोण्डागांव, सचिव शिखा राजपूत तिवारी को खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, सचिव नरेन्द्र कुमार दुग्गा को सुकमा, आयुक्त किरण कौशल को सक्ती, संचालक सौरभ कुमार को दंतेवाड़ा, संचालक सुनील कुमार जैन को सरगुजा, विशेष सचिव जयप्रकाश मौर्य को मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी, विशेष सचिव सारांश मित्तर को बीजापुर और प्रबंध संचालक रमेश कुमार शर्मा को मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले का प्रभारी सचिव नियुक्त किया गया है।

## खबर संक्षेप

### जीएस खोबरागड़े का किया देहदान



रायपुर। दिल्लीराजहरा निवासी जीएस खोबरागड़े (90) का 9 दिसंबर को भिलाई सेक्टर 9 हास्पिटल में निधन हो गया। उन्होंने एम्स में 29 मार्च 2019 को देहदान का संकल्प किया गया था, उनकी अंतिम इच्छा का सम्मान करते हुए उनके पुत्र अनिल खोबरागड़े द्वारा उनके पार्थिव शरीर को एम्स रायपुर में एनाटॉमी विभाग के अध्यक्ष की उपस्थिति में देहदान की प्रक्रिया 10 दिसंबर को पूरी की गई।

## निधन

### अशोक मखीजा



रायपुर। सूर्या विहार पचपेड़ी नाका निवासी अशोक मखीजा का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 10 दिसंबर को न्यू राजेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे राजकुमार मखीजा के भाई और संजीव मखीजा के पिता थे।

### सुशील शर्मा



रायपुर। राम मंदिर बैरनबाजार निवासी सुशील शर्मा का 10 दिसंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मारवाड़ी मुक्तिधाम में किया गया। वे राम मंदिर के पुजारी ध्रुव प्रसाद शर्मा के छोटे पुत्र, वरिष्ठ भाजपा नेता सुनील शर्मा और सुधीर शर्मा के छोटे भाई है।

### राजकुमार जैन



रायपुर। हास्पिटल सेक्टर भिलाई निवासी राजकुमार जैन का 10 दिसंबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 11 दिसंबर को सुबह 11 बजे रामनगर मुक्तिधाम भिलाई के लिए निकलेगी। वे शकुंतला जैन के पति और अतुल्य, नीलू, शीलू जैन के पिता थे।

# शादी का प्रलोभन-शारीरिक शोषण मामले में पीड़िता को 20 लाख रुपए की मिली क्षतिपूर्ति राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग में शादी का प्रलोभन देकर शारीरिक शोषण करने के मामले में पहली बार पीड़िता और आरोपी के बीच सुलहनामा हुआ है। इस सुलहनामे के तहत आरोपी ने पीड़िता को क्षतिपूर्ति के रूप में 20 लाख रुपए की राशि दी है।

आयोग में महिला ने एक व्यक्ति के विरुद्ध शिकायत की थी कि कई वर्ष तक आरोपी ने शादी का प्रलोभन देकर उसका शारीरिक शोषण किया है। इस बीच जब भी वह शादी करने की बात करती, वह बहाना बनाकर टाल देता। पीड़ित महिला ने आयोग को बताया कि जब उसने शादी करने के लिए दबाव बनाया तो उसने साफ इंकार कर दिया, जिसके बाद उसने न्याय पाने के लिए आयोग में उसके विरुद्ध केस किया है। इधर इस प्रकरण में पूर्व सुनवाई के दौरान आरोपी ने पीड़िता के साथ सुलह करते हुए उसे 20 लाख रुपए क्षतिपूर्ति के रुप देने की सहमति जताई थी। इस सहमति के तहत आरोपी ने नकदी 10 लाख रुपए एवं 10 लाख रुपए का चेक पीड़िता को आयोग के समक्ष दिया। आयोग ने इस दौरान दोनों के बीच इकरारनामा बनाया कि भविष्य में अनावेदक पीड़िता को परेशान नहीं करेगा, साथ ही आवेदिका भी बिना किसी कारण अनावेदक के विरुद्ध किसी प्रकार का केस दर्ज नहीं कराएगी।

## छत्तीसगढ़ महिला आयोग में सुनवाई के दौरान आरोपी-पीड़िता के बीच हुआ समझौता



### बुआ के साथ ठगी करने वाला भतीजा और बैंक मैनेजर गिरफ्तार

आयोग में एक अन्य प्रकरण में एक महिला ने अपने भतीजे और बैंक मैनेजर पर झूठे दस्तावेज प्रस्तुत कर उसके नाम के जमीन को बैंक में गिरवी रखकर 10 लाख रुपए का लोन निकालने का आरोप लगाते हुए केस किया था। महिला आवेदिका ने आयोग को बताया कि अनावेदक फर्जी तरीके से उसके जगह पर दूसरी महिला का फोटो लगाकर तत्कालीन बैंक मैनेजर के साथ सांठ-गांठ कर बिना किसी वेरीफिकेशन के 10 लाख रुपए का लोन निकाला था। आयोग ने इस प्रकरण को महज दो सुनवाई में निराकरण किया है। आयोग अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक ने वर्तमान बैंक मैनेजर को बैंक के मुख्य अधिकारी से इस मामले में जांच-पड़ताल कर कार्यवाही करते हुए बैंक द्वारा तत्कालीन बैंक मैनेजर के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने का निर्देश दिया गया था। इस निर्देश के तहत पुलिस ने तत्कालीन बैंक मैनेजर, आवेदिका के भतीजे और इस गिरोह का एक अन्य व्यक्ति जो लोन लेने के समय में गारंटर बना था। इन तीनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस इस मामले में आगे और जांच-पड़ताल कर रही है, जिससे पता चलता है कि यह फर्जीवाड़ा सिर्फ एक नहीं है यह आरोपी लगातार कई वर्षों से लोगों को ठग रहे है।

## साइंस कालेज चौपाटी को लेकर प्रबुद्धजनों से बातचीत

# शहर के अलग-अलग हिस्सों में हो चौपाटी का विकेन्द्रीयकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा जीई रोड स्थित साइंस कालेज खेल मैदान के सामने 5 करोड़ खर्च कर बनाई गई चौपाटी को लेकर प्रबुद्धजनों का कहना है कि मेट्रो सिटी की तर्ज पर विकसित हो रहे रायपुर शहर के अलग-अलग हिस्सों में लोगों के खानपान के लिए चौपाटी का विकेन्द्रीकरण होना चाहिए। एमजी रोड, तेलीबांधा तालाब के मरीन ड्राइव, कटोरातालाब की तर्ज पर पुराना धमतरी रोड में संतोषीनगर के आगे चौपाटी खुलनी चाहिए। इसी तरह पंडरी मार्केट जहां शहर के अलावा बाहर से लोग आते हैं, वहां इस तरह की व्यवस्था हो। रेलवे स्टेशन के पास स्पेस तलाशा जाए, जहां चौपाटी खुलने से मध्य व निम्न आय वर्ग के लोगों को इससे काफी राहत मिलेगी। हरिभूमि से बातचीत में प्रतिभागियों ने दो टूक शब्दों में कहा, स्ट्रीट फूड का रिप्लेस रेस्टारेंट नहीं है।

### गलत नहीं है साइंस कालेज की चौपाटी, ब्रेड भजिया से चलाना पड़ता था काम : भाटिया



एनआईटी से 1980 बैच के पास आउट स्टूडेंट और रायपुर विकास प्राधिकरण के पूर्व चीफ इंजीनियर जीएस भाटिया का कहना है कि जब हम एनआईटी के हास्टल में रहकर इंजीनियरिंग की पढ़ाई करते थे, तब वहां पर खाने-पीने की चीजों का स्टाल नहीं था। ब्रेड, भजिया खाकर काम चलाते थे। ज्यादा हुआ तो क्रीम रोल मिल जाता। शनिवार को छुट्टी के दिन हास्टल बंद रहने से खाना नहीं मिलता था। तब वे दोस्तों के साथ आयुर्वेद कालेज के पास समोसा खाकर भूख मिटाते। अब यह दिक्कत नई चौपाटी के खुलने से दूर हो गई है। इससे साइंस कालेज, आयुर्वेद कालेज, एनआईटी और पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों की दिक्कत दूर हो गई है। यह एक अच्छी व्यवस्था है, इसे हटाया ना जाए। चौपाटी गलत नहीं है, न ही इससे ट्रैफिक जाम हो रहा है, पढ़ाई में बाधा आने की बात कहना बेमानी है।



फाईल फोटो

### चौपाटी से मास्टर प्लान का वायलेंस नहीं हुआ : चौबे



आरटीई एक्टिविस्ट और हमर संगवारी संस्था के प्रमुख राकेश चौबे की राय में शहर में मास्टर प्लान 2031 तक का है। इसमें रोड से 200 मीटर के अंदर एरिया में साइंस कालेज मैदान वाली चौपाटी स्थित है। मापदंड के हिसाब से यह व्यावसायिक क्षेत्र में आता है। इससे मास्टर प्लान का वायलेंस नहीं हुआ है। नालंदा परिसर में भी मास्टर प्लान के तहत गुमटियां बन रही हैं। ऐसे में चौपाटी को हटाया जाना राजनीतिक चश्मे का एजेंडा है, इससे किसी को नुकसान नहीं है। टेंडर निकालते समय या चौपाटी बनाते समय दावा आपत्ति करना था। चूंकि चौपाटी चल रही है, इसके निर्माण सरकारी पैसा लगा है, जो कि आम जनता के टैक्स का पैसा है, इसलिए इसे उजाड़ने का तुक नही है।

### अलग-अलग एरिया में भी बने चौपाटी : मनीष पिल्लीवार, आर्किटेक्ट

शहर के जाने-माने आर्किटेक्ट मनीष पिल्लीवार की राय में साइंस कालेज खेल मैदान के सामने जिस एरिया में चौपाटी बनी है, वहां शाम को ट्रैफिक का दबाव ज्यादा नहीं रहता, क्योंकि यह चौड़ा क्षेत्र है। यहां लोग परिवार के साथ आ रहे हैं, वे चाहते हैं कि चौपाटी से मेन रोड दिखता रहे, ताकि उनकी सुरक्षा बनी रहे। एम्स का बढ़ा एरिया भी इसमें आता है। इसी तरह टाटीबंध मोहबाबाजार क्षेत्र नजदीक है। इसलिए यूथ हब के रूप में वहां खानपान की व्यवस्था रहने दी जाए। स्ट्रीट फूड का रिप्लेस रेस्टारेंट नहीं है, सभी आय वर्ग के लोगों को यह भाता भी है। प्रयास कर रहे हैं कि साबरमती फ्रंट रिक्रियेशन जोन में मनोरंजन के साथ फूड जोन की व्यवस्था हो। एमजी रोड की चौपाटी खान-पान की सामग्री की दृष्टि से अच्छी है। इसी पंडरी मार्केट में जहां बड़ी संख्या मे लोग आते हैं, वहां खानपान के लिए चौपाटी खुलनी चाहिए। एकता मॉल का लोकेशन भी वहां है। इसी तरह रेलवे स्टेशन के पास जहां चौड़ी जगह है, वहां इस तरह की चौपाटी होनी चाहिए। वीआईपी लोगों के लिए बड़े-बड़े रेस्टारेंट हैं पर मध्य व निम्न आय वर्ग के लिए चौपाटी एक बेहतर व्यवस्था है।

# पानी के लिए मटकी लेकर सड़क पर उतरी महिलाएं महापौर के खिलाफ नारेबाजी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ब्राम्हणपारा वार्ड में पानी की समस्या को लेकर वार्ड की महिलाओं ने महापौर के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। मटकी लेकर सड़क पर उतरी महिलाओं ने सारथी चौक के पास प्रदर्शन करते हुए महापौर एजाज ढेबर के खिलाफ नारे लगाए। प्रदर्शन में वार्ड पार्षद सरिता-आकाश दुबे, नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे, उपनेता प्रतिपक्ष मनोज वर्मा और भाजपा पार्षद दल के प्रवक्ता मृत्युंजय दुबे सहित वार्ड की महिलाएं शामिल रहीं।

दरअसल, अमृत मिशन के तहत पाइप लाइन बिछाने के बाद भी ब्राम्हणपारा वार्ड के एक बड़े हिस्से में पानी की समस्या बनी हुई है। इससे नाराज वार्ड की महिलाओं ने मंगलवार को मटका, गुंडी और थाली लेकर वार्ड में पानी की समस्या का ध्यान आकर्षित कराने सारथी चौक पर प्रदर्शन किया। वार्ड पार्षद सरिता दुबे के नेतृत्व में सड़क पर उतरी महिलाओं ने बताया कि 500 मीटर की दूरी में पानी टंकी होने के बाद भी उन्हें पानी की दिक्कत हो रही है। सोहागा मंदिर के पीछे वाला क्षेत्र, धोबीपारा, पंचपथ चौक, भोईपारा, अवधियापारा सहित अन्य रहवासी इलाकों में पानी की समस्या बनी हुई है। भाजपा पार्षद ने आरोप लगाया कि उनके वार्ड के हिस्से का पानी दूसरे वार्ड में सप्लाई किया जा रहा है। उन्होंने पानी चोरी को रोकने की मांग की। साथ ही नई पाइप लाइन बिछाने का टेंडर करने में जानबूझकर देर किये जाने का आरोप लगाया है।

### देवांगन समाज की नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण कल

रायपुर। पचपेड़ीनाका स्थित कलर्स मॉल में 12 दिसंबर को नवगठित प्रदेश देवांगन समाज छत्तीसगढ़ के कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह होगा। यह कार्यक्रम दोपहर 1 बजे शुरू किया जाएगा, जिसमें सम्मानित संरक्षक सदस्यों द्वारा शपथ दिलाई जाएगी। कार्यकारिणी के विस्तार में अनुभवी, युवा एवं महिलाओं को क्षेत्रीय संतुलन को ध्यान रखते हुए स्थान दिया गया है। उल्लेखनीय है कि विगत 27 नवंबर को सर्वसम्मति से डा. ओम प्रकाश देवांगन को अध्यक्ष चुना गया था एवं कार्यकारिणी के विस्तार के लिए उन्हें अधिकृत किया गया था। इसी समारोह में देवांगन समाज के सीजी पीएससी में चयनित सदस्यों का सम्मान भी किया जाएगा। देवांगन समाज के लिए गौरव का विषय है कि समाज के 24 सदस्य सीजी पीएससी में चयनित हुए हैं।

# युवाओं के लिए 2 जगहों पर खुलेगी नई लाइब्रेरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी सहित आउटर में रहने वाले युवाओं को नए साल में 2 नई लाइब्रेरी की सौगात मिलेगी। कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड स्थित दलदल सिवनी में साइंस सेंटर के पीछे खाली पड़ी जगह पर करीब 18 करोड़ की लागत से 500 सीटर लाइब्रेरी बनाई जाएगी। इसी तरह जीई रोड स्थित नालंदा परिसर के पीछे 2 फ्लोर वाली सर्व सुविधा युक्त लाइब्रेरी का निर्माण कराने की योजना है। इसमें 11 करोड़ 40 लाख रुपए खर्च होंगे। नगरीय प्रशासन विभाग के तकनीकी प्रकोष्ठ को इसकी जिम्मेदारी दी गई है।

■ दलदल सिवनी में साइंस सेंटर के पीछे 17 .93 करोड़ की लागत से लाइब्रेरी

युवाओं को प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने और शांत तथा वातानुकूलित वातावरण में अध्ययन की सुविधा उपलब्ध कराने रायपुर नगर निगम की योजना शाखा ने जीई रोड स्थित नालंदा परिसर के पीछे नालंदा पार्ट 2 लाइब्रेरी बनाने का प्रस्ताव तैयार कर संचालनालय नगरीय प्रशासन विभाग के पास प्रशासकीय स्वीकृति के लिए भेजा, जिसे मंजूरी मिल गई है। यहां 2 फ्लोर वाली सर्वसुविधा युक्त नई लाइब्रेरी का निर्माण कराया जाएगा। इस कार्य में 11 करोड़ 40 लाख खर्च होंगे। इसी तरह नगर निगम जोन 9 क्षेत्र स्थित दलदल सिवनी के साइंस सेंटर के पीछे खाली पड़ी जमीन पर आउटर में रहने वाले युवाओं की सुविधा के लिए 500 सीटर क्षमता की नई लाइब्रेरी बनेगी। इसमें 18 करोड़ का खर्च अनुमानित है।

### *500-500 सीटर लाइब्रेरी, पार्किंग की व्यवस्था रहेगी*

*नगरीय प्रशासन विभाग के तकनीकि प्रकोष्ठ द्वारा 2 जगहों पर नई लाइब्रेरी निर्माण के लिए वित्त विभाग से स्वीकृति मिलने के बाद निर्माण के लिए ऑनलाइन टेंडर किया जाएगा। नगर निगम के योजना शाखा के प्रस्ताव को पूर्व में ही संचालनालय नगरीय प्रशासन विभाग से स्वीकृति मिल चुकी है। साथ ही तकनीकी स्वीकृति के बाद वित्तीय स्वीकृति के लिए इसे भेजा गया है।*

## पेज 11 के शेष

**बाराडेरा मंडी में डूब...**
शिफ्ट होने में न ही दिलचस्पी दिखाई और न ही जिला और नगर निगम प्रशासन की ओर से व्यापारियों पर शिफ्टिंग के लिए कोई दबाव बनाया गया। परिणाम स्वरूप मंडी में बनी दुकानें जर्जर होकर अब खंडहर का रूप लेने लगी हैं। वहीं मंडी का परिसर भी पेड़-पौधों व झाड़ियों के उग जाने से जंगल में तब्दील हो चुका है।

**रविवि प्राध्यापकों के...**
चरण में 51 पदों के लिए रोस्टर फिलहाल तय कर लिया गया है। इसमें 8 पद प्रोफेसर के, 12 पद एसोसिएट प्रोफेसर के तथा शेष 31 पद असिस्टेंट प्रोफेसर के हैं। किस विभाग को कितने प्राध्यापक इन भर्तियों के जरिए मिलेंगे, इसे लेकर भी कार्यपरिषद की बैठक में स्वीकृति दी जा चुकी है।

**शहर में बढ़ी चोरी...**
किसी काम से सागर मध्यप्रदेश गया था। जब वह लौटा, तो उसके घर के चैनल गेट का ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखने पर उसके घर के चारों कमरों के तालों के साथ आलमारी के लॉकर भी टूटे मिले। चोर आलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवरात जिसकी कीमत करीब 70 हजार रुपए आंकी गई है, चोरी कर ले गए। दीनदयाल उपाध्याय नगर पुलिस ने घटना की रिपोर्ट पर चोरी का अपराध दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। चोरी की इस वारदात ने भी क्षेत्र में पुलिस पार्टी की गश्त की पोल खोल दी है, क्योंकि इस क्षेत्र के कुछ रहवासियों ने बताया कि पुलिस पार्टी को इस कालोनी में रात में गश्त करते बहुत कम देखा है।

**उत्तर की ठंडी हवा...**
महसूस हो रही है, मगर रायपुर समेत मध्य और बस्तर समेत दक्षिण में ठंड पूरी तरह समाप्त हो गई थी। रात का तापमान सामान्य से पांच से आठ डिग्री अधिक दर्ज किया जा रहा है। सोम-मंगल की रात्रि इसमें गिरावट हुई और आंकड़ा 15.1 डिग्री तक पहुंच गया। इसी तरह माना का पारा 19 से गिरकर 13 डिग्री पर पहुंच गया। आने वाले दिनों में तापमान में थोड़ी और गिरावट का दौर जारी रहने की संभावना है। 10 दिसंबर से शुरू तापमान में गिरावट इस माह का ठंड का पहला दौर है।

**ये कैसे विशेषज्ञ? चार...**
सत्यापन के लिए उन्हें प्राथमिकता दी जाएगी। भड़के प्राध्यापकों का कहना था कि जब पूर्व में ही इस तरह की स्थिति निर्मित हो चुकी है तो आयोग द्वारा योग्य व्यक्तियों को दस्तावेज सत्यापन के लिए क्यों नहीं बुलाया गया। कार्यालयीन समय में पूरे वक्त पीएससी कार्यालय में गहमागहमी की स्थिति रही।

**2 से 16 दिसंबर...**
जारी की। इस बार विषयवार अधिसूचना जारी करते हुए 13 सब्जेक्ट के लिए प्राध्यापकों को 10 से 17 दिसंबर तक बुलाया गया। प्रथम दिवस 50 से अधिक प्राध्यापक पीएससी कार्यालय पहुंचे थे।

**अधिकारियों ने कहा- कल...**
अन्य बिंदू मिलकर से प्वाइंट तय करते हैं। दस्तावेज सत्यापन के पैनल में जो विशेषज्ञ थे, वे लगभग चार घंटे तक इन्हीं बिंदुओं में उलझे रह गए।

# ट्रांसपोर्टर का कारनामा, सप्लाई से पहले करता था स्पंज आयरन में मिलावट, शिकायत के बाद फूटा भांडा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर में स्पंज आयरन के एक कारोबारी से ठगी करने का मामला सामने आया है। ठगी करने वाला कोई और नहीं, बल्कि ट्रांसपोर्टर निकला है जो कारोबारी के माल की ट्रांसपोर्टिंग करता है। माल को ट्रांसपोर्टिंग के दौरान ट्रांसपोर्टर माल को पहले अपने खुद के गोडाउन ले जाता था तथा उसमें से माल निकालकर उसकी जगह उसमें खराब माल मिलाकर उसकी सप्लाई करता था। इस खेल का भांडा तब फूटा, जब माल लेने वाले ने खराब माल मिलने की शिकायत कारोबारी से की। कारोबारी ने अब इस मामले में खमतराई थाना में ट्रांसपोर्टर के विरुद्ध केस दर्ज कराया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार समता कालोनी निवासी सुरेश केडिया का स्पंज आयरन का कारोबार है। अपनी फैक्ट्री के लिए वह माल की ट्रांसपोर्टिंग अंकित केशरवानी से कराता था, जिसका गोडाउन गोंदवारा में है। सुरेश ने 150 टन स्पंज आयरन माल का ऑर्डर गोपाल स्पंज को दिया था, जिसकी ट्रांसपोर्टिंग अंकित केशरवानी ने की। माल जब सुरेश की फैक्ट्री में गिरा, तो उसकी खराब क्वालिटी देखकर उसने इसकी जानकारी गोपाल स्पंज से की, जिस पर उसे जवाब मिला कि माल बिल्कुल सही भेजा गया है। इसके बाद सुरेश केडिया को ट्रांसपोर्टर पर शक हुआ, जिसके बाद उसने योजना के तहत एक दिन ट्रांसपोर्टर का पीछा किया, तो पता चला कि माल की सप्लाई से पहले वह माल को अपने गोडाउन ले गया जहां गाड़ी में लोड माल में बड़ी मात्रा में स्पंज आयरन निकाला और फिर उसमें आयरन डस्ट मिलाया। डस्ट मिलाने के बाद जब वह माल को सप्लाई करने के लिए गाड़ी चालू करा रहा था, तभी उसे मौके पर जाकर पकड़ा। पुलिस ने इस मामले में कारोबारी के बयान पर आरोपी ट्रांसपोर्टर के विरुद्ध धारा 316-3, 318-4 के तहत अपराध दर्ज किया है।

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 01 रायपुर
मामले की श्रेणी: राजस्व
संदर्भ :- जिला रायपुर तहसील रायपुर प.ह.न. - 00081 बोरियाकला ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- RD202425440726400042

**ईश्तहार**

तहसील रायपुर के प.ह.न. 00081 के अंतर्गत ग्राम बोरियाकला के वर्तमान भूमिस्वामी बिहारी पि. समोधी पिता/पति- पता सा. देह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 1210/1 (0.0287), 1235/1 (0.0450) में प्रस्तावित भूमिस्वामी / क्रेता संगीता सुल्तान पिता/पति-स्व. बिहारी लाल सुल्तान पता-बोरियाकला रायपुर छ.ग. श्रीमती सावित्री कोसले पिता/पति स्व. बिहारी लाल सुल्तान पता-बोरियाकला रायपुर छ.ग. श्रीमती ललिता महेश्वरी पिता/पति स्व. बिहारी लाल सुल्तान पता-बोरियाकला रायपुर छ.ग. ज्ञानदास सुल्तान पिता/पति स्व. बिहारी लाल सुल्तान पता-बोरियाकला रायपुर छ.ग. दिपिका खुंटे पिता/पति स्व. बिहारी लाल सुल्तान पता-बोरियाकला रायपुर छ.ग., संध्या जांगडे पिता/पति स्व. बिहारी लाल सुल्तान पता-बोरियाकला रायपुर छ.ग. श्रीमती सरिता टंडन पिता/पति स्व. बिहारी लाल सुल्तान पता-बोरियाकला रायपुर छ.ग. संदीप सुल्तान पिता/पति स्व. बिहारी लाल सुल्तान पता-बोरियाकला रायपुर छ.ग. के नाम पर पंजीयन / फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 16/12/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 01 रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई दावा आपति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 28/11/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर
अतिरिक्त तहसीलदार
रायपुर (छ.ग.)

**आम सूचना**
**मौजा ग्राम - खमतराई प.ह.नं. 108/38 रा.नि.मं. रायपुर-6 तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) स्थित परिवर्तित भूमि ख.नं. 257/13 रकबा 2100 वर्गफुट के संबंध में)**

उपरोक्त भूमि के संबंध में सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकारगण ने विक्रेता श्रीमती शोभा पति राजेन्द्र मेश्राम साकिन खड़गपुर जिला मेदिना पुर (पश्चिम बंगाल) के स्वामित्व व आधिपत्य की ऊपर उल्लेखित परिवर्तित-भूमि को खरीदने का मौखिक पक्का सौदा कर लिया है तथा टोकन बयाना रकम भुगतान अपने बैंक खाता में प्राप्त कर लिया है।

अतः उपरोक्त वर्णित संव्यवहार के संबंध में किसी भी व्यक्ति संस्था फर्म, सोसायटी, बैंक, शासकीय-अर्द्धशासकीय, निकाय साहूकार अथवा किसी पारिवारीक सदस्य या अन्य को किसी भी प्रकार से कोई आपत्ति ऊजर-दावा हो तो, इस आम सूचना प्रकाशन तिथि से 07 (सात) दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज प्रत्यक्ष रूप से अपनी लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर पावती प्राप्त कर लेवें, समयावधि पश्चात की गई, किसी भी प्रकार की आपत्ति, दावा मेरे पक्षकारगण पर बंधनकारी नहीं होगी तथा इसके समक्ष शून्य व अवैध समझी व मानी जावेगी तथा मेरे पक्षकारगण के पक्ष में बैनामा पंजीयन निष्पादन करा लिया जावेगा

**सो सूचना जाने।**

रायपुर (छ.ग.)
दिनांक-10/12/2024
भवदीय
(विश्वनाथकर) अधिवक्ता
मो.- 9229933692, 9669992444
कार्यालय-शीतला मंदिर बाजार चौक डगनिया रायपुर तहसील व जिला-रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-16 सारागांव तहसील धरसींवा, जिला रायपुर**
**सीमांकन के संबंध में आम सूचना**

दिनांक 07/12/2024

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका गौतम फत्तेपुरिया पिता चम्पालाल निवासी माना बस्ती रायपुर द्वारा आवेदित ग्राम परसुलीडीह प.ह.नं. 23 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर 16 सारागांव स्थित खसरा नंबर 73/2 रकबा 0.243 हेक्टेयर का सीमांकन न्यायालय नायाब तहसीलदार धरसींवां के आदेश दिनांक 15/05/2024 के परिपालन में दिनांक 16/12/2024 को समय 11 बजे के पश्चात किया जाना है। अतः उक्त भूमि के सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा आपत्ति हो वे उक्त दिनांक/समय तक पटवारी हल्का नंबर 23 के बरौदा स्थित कार्यालय में दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैद्य अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं।

बाद में किसी दावा या आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा। अतः सूचना जानें।

राजस्व निरीक्षक
रा.नि.मं. रायपुर-16 (सारागांव)

**न्यायालय तहसीलदार नजूल रायपुर (छ.ग.)**
**रा.मा.क्र. 202412114300003/91**
**अ-20 (1) वर्ष 2024-25**
**1984 पट्टा नवीनीकरण**
**पेशी दिनॉक 19/12/2024**

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री रमेश ढीमर पिता श्री रतिराम ढीमर निवासी गुढ़ियारी रायपुर छ.ग. के द्वारा इस आशय से आवेदन पत्र पेश किया है कि मौजा अशोक नगर ठक्कर बापा वार्ड रायपुर स्थित नजूल भूमि खसरा नंबर 497 भूखंड क्रमांक 61 रकबा 41.25 वर्गमीटर को भूमिहीन व्यक्ति को वर्ष 1984 में पट्टा प्रदान किया गया है जिसकी पट्टा की अवधि समाप्त होने से आवेदक द्वारा आगामी 30 वर्षो के लिए नवीनीकरण किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो दिनांक 19/12/2024 तक कलेक्टर कार्यालय रायपुर के कक्ष क्रमांक-07 में पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा / आक्षेप पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

ईश्तहार आज दिनांक 03/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
नजूल रायपुर (छ.ग.)

**न्यायालय नायब तहसीलदार समोदा, तहसील आरंग जिला रायपुर छ.ग.**

**:: ईश्तहार ::**

रा.प्र.क्र. / / अ-6अ/वर्ष 2023-24

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका खेमलता साहू पति स्व. लेखराम साहू निवासी ग्राम मठपुरैना तहसील व जिला रायपुर के द्वारा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आरंग के समक्ष आवेदन पत्र पेश कर निवेदन किया गया है कि मौजा ग्राम कुसमुंद पटवारी हल्का नम्बर 17 रा.नि.मं. समोदा तहसील आरंग जिला रायपुर स्थित खसरा नंबर 178/2, 760 रकबा 0.14, 0.22 हे भूमि आवेदिका के पति लेखराम साहू पिता बरातू साहू के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदिका के पति का निधन दिनांक 13.09.2018 को हो चुकी है। उक्त वर्णित खसरा नंबर 178/2 रकबा 0.14 हे भूमि मनोज पिता बरतिया तथा खसरा नंबर 760 रकबा 0.22 हे. भूमि लतेलू पिता बिसराम के नाम पर प्रदर्शित हो रहा है। जो त्रुटिपूर्ण दर्ज है। उक्त वर्णित भूमि खसरा नंबर 178/2 रकबा 0.14 हे. तथा खसरा नंबर 760 रकबा 0.22 हे भूमि आवेदिका के पति द्वारा विक्रेतागण राधेश्याम, दिनदयाल, दिनेश, विरेन्द्र पिस. केजूराम निवासी कुसमुंद तथा चैतीबाई सतनामी पिता दुकालू सतनामी निवासी कुसमुंद से क्रय कर दिनांक 01.03.2007 को उपपंजीयक कार्यालय आरंग से एक पंजीकृत बैनाना निष्पादित कराया गया था। अतः उक्त ऑनलाईन रिकार्ड में प्रदर्शित त्रुटि सुधारकर आवेदिका खेमलता साहू पति स्व. लेखराम साहू द्वारा पति का नाम दर्ज किये जाने आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जो कंडिकावार जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अतएव इस सम्बन्ध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति पेश करना हो तो स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दिनांक 10/07/2024 तक पेश कर सकते है। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 25/06/2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

जारी दिनांक - 25.06.2024
पेशी दिनांक - 10.07.2024
मुहर
नायब तहसीलदार
समोदा

**आम सूचना**
**परिवहन संबंधित जानकारी**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार उमर फारूख खान / पिता स्व. रमजान खान द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य के वाहन पंजीयन क्रमांक जे सी बी 3डी एक्स क्रमांक सी जी 04 डी टी 3989, चेचिस नंबर (1736327) में रंजिस्ट्रेशन दिनांक 14/03/2012 को किया गया है, रायपुर छ.ग. में रेलिगेयर फिनवेस्ट लिमिटेड बंद हो चुकी है, दिनांक 14/11/2014 में लोन का संपूर्ण भुगतान कर दिया गया है, मेरा पक्षकार परिवहन विभाग से वित्त रद्द करवाना चाहता है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, शासकीय, अर्द्धशासकीय निकाय को उपरोक्त संबंध में किसी भी प्रकार की कोई उजर, दावा या आपत्ति हो तो मेरे उपरोक्त वर्णित पते पर 7 दिनों के भीतर मय दस्तावेज उपस्थित होवें। अन्यथा बाद म्याद मेरा पक्षकार उपरोक्त वर्णित वाहन को परिवहन विभाग से वित्त रद्द करवा देगा, बाद म्याद की गयी आपत्ति शून्य एवं अवैध होगी, जो कि मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी।

सो सूचना जाने।

रायपुर छ.ग.
दिनांक 10/12/2024

भवदीय
उमर आजाद जौहरी, अधिवक्ता
जिला एवं सत्र न्यायालय रायपुर छ.ग.
मो. 7869227340

Health Town

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

HCC IS NOW हिअरज़ॅप™
आज ही मुफ्त श्रवण परीक्षण कराएं।
▶ श्रवण यंत्र पर भारी छूट ▶ कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श) ▶ स्पीच थेरेपी
हमारी स्टोर छत्तीसगढ़ में: अंबिकापुर • भिलाई • बिलासपुर • रायपुर • जगदलपुर • कोरबा
9659 455 455
MAHARASHTRA | TAMILNADU | KERALA | KARNATAKA | ANDHRA PRADESH
TELANGANA | WEST BENGAL | BIHAR | JHARKHAND | CHHATTISGARH

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### समुद्र मंथन और वामन अवतार की कथा सुनाई

**रायपुर।** रायपुरा चंगोराभाटा में मिश्रा परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के तीसर दिन मंगलवार को पंडित झम्मन शास्त्री ने समुद्र मंथन एवं वामन अवतार की कथा सुनाई। उन्होंने आगे कहा कि, भागवत कथा आयोजन कोई मनोरंजन की वस्तु नहीं है यह मोक्ष और ईश्वर प्राप्ति का साधन है, लेकिन आजकल के कथाकार व्यास पीठ की मर्यादाएं लाग रहे हैं, श्रीमद् भागवत जैसे पुण्य ग्रंथ को मनोरंजन का साधन बनाकर नाच गाना कर रहे हैं, इसके लिए श्रद्धालु दोषी नहीं है, व्यास पीठ के महत्व नहीं समझना और अल्पज्ञ कथाकार ही इसके दोषी हैं। भागवत श्रद्धा का विषय है, इसे शुद्ध हृदय से सांसारिक बंधनों को छोड़कर सुनना चाहिए।

### जेल के फार्मासिस्टों का वेतन बढ़ाने डिप्टी सीएम से मिला आईपीए



**रायपुर।** पांच केंद्रीय सहित तमाम उपजेलों में पदस्थ फार्मासिस्टों की वेतन विसंगति दूर करने आईपीए के प्रतिनिधिमंडल ने गृहमंत्री एवं डिप्टी सीएम विजय शर्मा से मुलाकात की। उन्हें बताया गया कि जेलों में कार्यरत फार्मासिस्ट का ग्रेड पे 1900 है जिसे स्वास्थ्य विभाग में फार्मासिस्ट ग्रेड 2 के बराबर 2400 किया जाना चाहिए। राज्य शासन ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों के वेतन विसंगति को दूर करने पिंगुवा कमेटी का गठन किया है। पूर्व में जेल और स्वास्थ्य विभाग के फार्मासिस्ट का वेतन समरूप किए जाने आईपीए ने गृह सचिव को पत्राचार किया था। जेल फार्मासिस्ट भर्ती नियम में शैक्षणिक योग्यता कालम में त्रुटि सुधार किया गया मगर वेतन विसंगति को दूर नहीं किया गया। प्रतिनिधि मंडल में आईपीए के राज्य संयोजक फार्मासिस्ट वैभव शास्त्री , जेल फार्मासिस्ट योगिता गोस्वामी और रायपुर जिला अध्यक्ष तिनेंद्र साहू उपस्थित थे।

### आशा इकबाल स्मृति महिला पत्रकार सम्मान के लिए चयन प्रक्रिया शुरू

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में आशा इकबाल स्मृति महिला पत्रकार सम्मान की महत्वपूर्ण प्रतिष्ठा है। छत्तीसगढ़ में यह सम्मान प्रदान करने का सिलसिला 2013 से जारी है और अब तक छग सहित देश के 5 राज्यों की कुल 33 सर्वश्रेष्ठ महिला पत्रकार को प्रदेश के प्रतिष्ठत अतिथियों के सानिध्य में सम्मानित किया जा चुका है। इसी कड़ी में आशा इकबाल स्मृति महिला पत्रकार सम्मान से वर्ष-2025 के लिए महिला पत्रकारों के चयन एवं महिला पत्रकारों से सहमति प्राप्त करने की प्रक्रिया जारी है। इस सम्मान के चयन के लिए 'जज पैनल' में वरिष्ठ पत्रकार संदीप तिवारी 'राज', बो डो निजामी, टी सूर्याराव, अविनाश ठाकुर, शाहीन खान, राधेश्यामकोरी, उत्तराविदानी, अरुण वारोरकर, विष्णु पांडे, पूर्णिमा शुक्ला, जितेंद्रिय महापात्र, रविंद्र कुमार, शशांक दुबे, प्रीति सोनी, अनिल आहूजा, निशा मसीह, मिन्हाज कुरैशी एवं आसिफ इकचाल का समावेश है।

### जिले के प्राइवेट स्कूलों की बैठक आज

**रायपुर।** जिले के प्राइवेट स्कूलों की बैठक 11 दिसंबर को सिविल लाइन स्थित जेडी डागा विद्यालय में रखी गई है। जिला शिक्षा कार्यालय द्वारा यह बैठक रखी गई है। निजी विद्यालय के छात्रों की अपार आईडी और यूडाइज डाटा एंट्री की जानी है। जिला शिक्षा कार्यालय के अनुसार, निजी विद्यालयों द्वारा इस दिशा में संतोषजनक कार्य अब तक नहीं किया गया है। उन्हें प्रशिक्षण देने के लिए ही यह बैठक आयोजित की जा रही है। बैठक दो पालियों में होगी। प्रथम पाली में दोपहर 2 से 4 बजे तक अभनपुर, आरंग, धरसींवा ग्रामीण तथा तिल्दा के 425 स्कूलों के प्रतिनिधियों को बुलाया गया है।

# शासन थोक में दे रहा छुट्टियां, हम पूरा नहीं कर पा रहे कोर्स, चाहिए गरीब बच्चों के 300 करोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शासन द्वारा थोक में दी जा रही छुट्टियों से निजी स्कूल हलाकान हो गए हैं। उनका कहना है कि थोक में दी जा रही छुट्टियों के कारण वे तय वक्त पर कोर्स पूरा नहीं कर पा रहे हैं। स्कूल शिक्षा विभाग को लिखे गए खत में प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन ने कहा है कि शिक्षा विभाग की नियमावली में प्रति वर्ष 220 दिन स्कूल के संचालन का नियम है, लेकिन गत वर्षों से प्रदेश में स्कूल 180 से 185 से ज्यादा संचालित नहीं हो रहे हैं। शिक्षा के लगातार नुकसान से बचने के लिए कुछ छुट्टियों का अधिकार स्कूलों को दिया जाए। इसके अलावा निजी स्कूलों में आरटीई के अंतर्गत अध्ययनरत छात्रों की फीस भी संगठन ने मांगी हैं। वर्तमान में 300 करोड़ से ऊपर की प्रतिपूर्ति राशि स्कूलों की बकाया है। पिछले 12 वर्षों से आरटीई की राशि में कोई वृद्धि नहीं की गई है। आरटीई की राशि प्राथमिक कक्षाओं में 7000 से बढ़कर 15000, माध्यमिक की 11,500 से बढ़ाकर 18,000 एवं हाई और हायर सेकंडरी की अधिकतम सीमा को 15,000 से बढ़ाकर 25,000 तक करने की मांग की गई है।

## निजी विद्यालयों ने स्कूल शिक्षा विभाग को लिखा खत

### 12 साल में बेचनी पड़ रही बस

प्राइवेट स्कूलों का कहना है कि शैक्षणिक उपयोग की बसों को 12 साल बाद फिटनेस सर्टिफिकेट नहीं दिया जा रहा है। उन्हें 12 वर्ष बाद बेकार घोषित कर दिया जाता है। जबकि आम परिवहन की बसों को 15 साल की अवधि तक संचालित करने का नियम है। यह नियम हमारी बसों को 12 साल बाद बेचने पर मजबूर कर रहा है जबकि शैक्षणिक उपयोग की बसें कमर्शियल बसों से कम चलती हैं तथा सुरक्षा के ज्यादा उपाय हैं। शैक्षणिक उपयोग की बसों को भी 15 साल की अवधि तक संचालित करने की अनुमति उन्होंने मांगी है।



### परिवहन विभाग भी नहीं दे रहा ध्यान

निजी स्कूलों में पढ़ने वाली बालिकाओं के लिए भी सरस्वती साइकिल योजना का लाभ देने की बात खत में कही गई है। इसके अलावा 5वीं एवं 8वीं की केंद्रीयकृत परीक्षा संबंधित व्यवस्था को अगले सत्र से लागू करने, पूरे प्रदेश में निजी स्कूलों को 5 वर्ष के लिए मान्यता प्रदान करने, बसों के लिए मार्केट दर पर जीपीएस तथा पैनिक बटन प्रदान करने की भी मांग की है। संगठन के प्रदेशाध्यक्ष राजीव गुप्ता ने कहा कि छत्तीसगढ़ प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन कई बार कई स्तरों पर इन मांगों के निराकरण की मांग करता रहा है, लेकिन मांगों पर स्कूल शिक्षा विभाग एवं परिवहन विभाग ध्यान नहीं दे रहा है। निराकरण नहीं होने पर निजी स्कूलों ने चरणबद्ध आंदोलन की चेतावनी दी है।

## जागृति शिविर में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिकाओं का सम्मान



**रायपुर।** महिला बाल विकास के परियोजना स्तरीय महिला जागृति शिविर में काली बाड़ी सेक्टर, संजय नगर सेक्टर, श्याम नगर सेक्टर, सदर बाजार सेक्टर, पुरानी बस्ती सेक्टर के आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं का सम्मान करने कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में नगर निगम के सभापति प्रमोद दुबे, विशिष्ट अतिथि पार्षद समीर अख्तर, पार्षद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव उपस्थित रहे। मंच से आमंत्रित अतिथियों ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं का सम्मान किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रमोद दुबे ने कहा कि सरकार की योजनाओं को जनता के बीच पहुंचाने में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं की अहम भूमिका रहती है, जो पूरी निष्ठा के साथ अपने कार्यों का निर्वहन करती हैं। अपने उद्बोधन में देवेन्द्र यादव ने कहा कि राज्य शासन की महतारी वंदन योजना को सफल बनाने में सबसे महत्वपूर्ण योगदान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं का रहा है, जिन्होंने मात्र कुछ ही दिनों में इस योजना का लाभ महिलाओं को दिलवाने में मदद की। वार्ड में कुपोषित बच्चो का सर्वे कर आंगनबाड़ी के माध्यम से उन बच्चों को सुपोषण आहार प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका भी इन्हीं महिलाओं की रहती है। कार्यक्रम में अतिथियों के साथ महिला बाल विकास की सीडीपीओ प्रीति प्रसाद, सुपरवाईजर विजया राय चौधरी, कविता सिन्हा, अनीता त्रिपाठी, गुड्डी राय, रानू साहू, खिलेश्वरी साहू सहित क्षेत्र की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका उपस्थित रहीं।

## सहकारिता विभाग के चयनित युवाओं को सौंपे नियुक्ति पत्र

# साय बोले- विकसित छत्तीसगढ़ बनाने सहकारिता की होगी बड़ी भूमिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मंगलवार को राजधानी रायपुर के न्यू सर्किट हाउस में सहकारिता विभाग के विभिन्न पदों पर चयनित 334 युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपते हुए पारदर्शिता के साथ भर्ती का यह संकल्प दोहराया। उन्होंने कहा, विकसित छत्तीसगढ़ बनाने में सहकारिता की भी बड़ी भूमिका होगी और इसमें आप सभी का योगदान अग्रणी रहेगा।

- जिला सहकारी केंद्रीय बैंक और अपेक्स बैंक की शाखाओं का किया शुभारंभ

श्री साय ने कहा कि अब प्रदेश के युवाओं के मन में प्रतियोगी परीक्षाओं को लेकर भय या संशय नहीं होना चाहिए, अब किसान, मजदूर के बेटे-बेटियों की प्रतिभा को सम्मान मिलेगा।उन्होंने जशपुर जिले के तमनार और बगीचा में अपेक्स बैंक के दो नवीन शाखा, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक रायपुर की नवीन शाखा गढ़पुलझर और सिरपुर का वर्चुअल शुभारंभ और अपेक्स बैंक के नवीन शाखा भवन जशपुर का वर्चुअल लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने शहीद वीर नारायण सिंह के बलिदान को नमन करते हुए कहा कि शहीद वीर नारायण सिंह ने अपना सम्पूर्ण जीवन मानव कल्याण के लिए समर्पित किया। उन्होंने अनाज के भंडार लोगों के लिए खोल दिए, परोपकार की यही भावना हम सभी के भीतर होनी चाहिए। उन्होंने अमूल का उदाहरण देते हुए युवाओं को सहकारिता का महत्व समझाया। उन्होंने कहा, केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने अपने प्रवास के दौरान सहकारिता को लेकर अमूल्य सुझाव दिये, जिसे हम कार्यान्वित कर रहे हैं।



### मोदी की गारंटी पूरा कर रही सरकार- केदार

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने कहा, प्रदेश सरकार दृढ़ इच्छा शक्ति के साथ मोदी की गारंटी को पूरा करने का काम कर रही है। उन्होंने सभी चयनित युवाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा, सहकारिता का क्षेत्र कितना महत्वपूर्ण है, यह आप सभी को समझना होगा। किसानों के जीवन को खुशहाल बनाने की दिशा में आप सभी काम करें।

### 19 विभागों में भर्ती प्रक्रिया जारी- चौधरी

*वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने चयनित युवाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा, पिछले 1 साल के भीतर 19 विभागों में भर्ती प्रक्रिया पारदर्शिता के साथ प्रारंभ कर दी गई है। उन्होंने कहा, जिस प्रकार हमारी सरकार पारदर्शिता के साथ अपनी जिम्मेदारी निभा रही है, आप सभी अपनी सेवा भी इसी ईमानदारी के साथ करें और आम आदमी के जीवन को खुशहाल बनाने समर्पित होकर कार्य करें।*

## नगरीय निकाय चुनाव आरक्षण के लिए जिलों में कलेक्टर बनाए गए विहित प्राधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में जल्द होने वाले नगरीय निकायों के चुनाव में एससी, एसटी, ओबीसी एवं महिलाओं के लिए वार्डों का आरक्षण करने का आदेश नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने जारी किया है। इस काम के लिए जिला कलेक्टरों को विहित प्राधिकारी बनाया गया है। इस आदेश के बाद माना जा रहा है कि आरक्षण की प्रक्रिया जल्द प्रारंभ होगी और नगरीय निकायों के चुनाव के लिए अधिसूचना जारी की जाएगी। नगरीय निकाय चुनाव के लिए आरक्षण तय करने कलेक्टरों को विहित अधिकारी बनाए जाने से पहले राज्य शासन ने छत्तीसगढ़ नगर पालिका निगम अध्यादेश 2024 जारी किया है। इसमें बताया गया है कि नगरीय निकायों में मेयर, पार्षद और पालिकाओं में अध्यक्ष के लिए आरक्षण की प्रक्रिया किस तरह अपनाई जाएगी। निकायों में आरक्षण के लिए सरकार ने छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग की अनुशंसा मंजूर की है। इसके मुताबिक किसी भी निकाय में 50 प्रतिशत की सीमा में आरक्षण दिया जाएगा। किसी क्षेत्र में यदि एससी और एसटी के मिलाकर 25 प्रतिशत संख्या है तो बचा हुआ 25 प्रतिशत स्थान अन्य पिछड़ा वर्ग को मिलेगा। किसी निकाय में एससी एसटी की संख्या 50 प्रतिशत है, तो वहां ओबीसी को कोई आरक्षण नहीं दिया जाएगा।




- सरकार ने जारी किया आदेश

## मंडी बोर्ड के परिणाम जारी

# व्यापम ने तीन माह बाद फिर से मंगाई थी दावा-आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा राज्य कृषि विपणन अर्थात मंडी बोर्ड के अंतर्गत रिक्त पदों के लिए आयोजित भर्ती परीक्षा के परिणामों की घोषणा कर दी गई है। व्यापम द्वारा इसके लिए लिखित परीक्षा का आयोजन 25 फरवरी को किया गया था। सहायक संचालक के 2, वरिष्ठ सचिव के 10 तथा कनिष्ठ सचिव के 18 पदों पर इस भर्ती परीक्षा के माध्यम से नियुक्ति की जाएगी। परीक्षा परिणाम व्यापम ने मंगलवार को अपने आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिए हैं। कैंडिडेट्स मांगी गई जानकारी देकर अपने परिणाम अपलोड कर सकते हैं। भर्ती के लिए व्यापम को प्रस्ताव 25 सितंबर 2023 को प्राप्त हुआ था। इसके उपरांत विज्ञापन जारी कर 2024 में व्यापम ने परीक्षा आयाजित की। इस तरह से विज्ञापन जारी होने के एक वर्ष से अधिक समय पश्चात भर्ती संबंधित परिणाम घोषित किए जा सके हैं।

- सहायक संचालक के 2, वरिष्ठ सचिव के 10 तथा कनिष्ठ सचिव के 18 पद शामिल




### तकनीकी त्रुटि से बंद हुआ था पोर्टल

व्यापम द्वारा 25 फरवरी को परीक्षा लेने के बाद एक मार्च को मॉडल आंसर जारी किए गए थे। 4 मार्च तक व्यापम ने दावा आपत्ति मांगी थी। इसके बाद जून में व्यापम ने दावा-आपत्ति के लिए पोर्टल फिर से खोल दिया था। 12 से 14 तक का समय कैंडिडेट्स को फिर से दावा आपत्ति दर्ज करने के लिए दिया गया था। व्यापम के अनुसार, पूर्व में तय तिथि से पहले ही पोर्टल तकनीकी कारणों से बंद हो गया था, इसलिए फिर से पोर्टल प्रारंभ किया गया था। दोनों चरणों की दावा-आपत्तियों के निराकरण के बाद अंतिम परिणाम जारी किए हैं।

# जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को मिलेंगे चिकित्सा विशेषज्ञ, आज से इंटरव्यू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में मरीजों के उपचार के लिए चिकित्सा विशेषज्ञ डाक्टरों की नियुक्ति की जाएगी। स्वास्थ्य विभाग द्वारा डीएमएफ फंड से पीजी डाक्टरों के चयन के लिए बुधवार से इंटरव्यू की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। स्वास्थ्य केंद्रों में ग्रामीण इलाकों के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में अभी एनीस्थिसिया और स्त्री रोग विशेषज्ञों की कमी है। रायपुर जिले में पीजी के 21 डाक्टरों की भर्ती की जाएगी। चिकित्सकों का चयन होने के बाद उन्हें जरूरतों के हिसाब से अलग-अलग स्वास्थ्य केंद्रों में तैनात किया जाएगा। जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. मिथिलेश चौधरी ने बताया कि साक्षात्कार की प्रक्रिया तब तक पूरी होगी, जब तक रिक्त पदों की पूर्ति नहीं हो जाती। रिक्त पदों में स्त्री रोग तथा निश्चेतना विशेषज्ञ के 6-6, जनरल सर्जरी के 4, शिशु रोग विशेषज्ञ के 3 तथा दंत शल्य चिकित्सक के 2 पद रिक्त हैं। इस नई भर्ती के आदेश के बाद पिछले साल शुरू की गई दंत विशेषज्ञ की भर्ती को निरस्त किया है। इंटरव्यू प्रक्रिया पूरी होने के बाद इन चिकित्सकों की तैनाती नए साल से स्वास्थ्य केंद्रों में की जाएगी।



- एनीस्थिसिया, स्त्री रोग विशेषज्ञ सहित 21 पदों पर भर्ती

### डीके अस्पताल में भी भर्ती

डीके अस्पताल में हाल में नौकरी छोड़ कुछ डाक्टरों की कमी दूर करने के लिए भर्ती प्रक्रिया पूरी की जाएगी। डाक्टरों के चयन के लिए 12 दिसंबर से इंटरव्यू लिया जाएगा। जिन रिक्त पदों की भर्ती होगी उसमें एक एसोसिएट, चार असिस्टेंट प्रोफेसर, दस सीनियर रेसीडेंट डाक्टर शामिल है। डीके अस्पताल से हाल ही में तीन सुपर स्पेशलिस्ट चिकित्सकों ने सेवा से त्यागपत्र दिया था।

# कांग्रेस का आरोप- निगम प्रशासन टैक्स के नाम पर कर रहा दबाव पूर्वक वसूली




हरिभूमि न्यूजः रायपुर

शहर जिला कांग्रेस कमेटी ने मंगलवार को रायपुर नगर निगम के अंतर्गत आने वाले 10 जोन का घेराव किया। शहर अध्यक्ष गिरीश दुबे के नेतृत्व में जोन कमिश्नरों को ज्ञापन सौंपा गया। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि आवास सर्वे के नाम पर हो रही अनिमितताएं, बड़े कॉम्प्लेक्स से टैक्स वसूली ना करके छोटे एवं मध्य वर्गीय परिवार के लोगों को परेशान किया जा रहा है। धरना प्रदर्शन के माध्यम ये कांग्रेस ने भाजपा नेताओं द्वारा अवैध निर्माण एवं अवैध प्लाटिंग पर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार बनने के बाद पार्षद निधि की राशि वार्डों में पिछले एक साल से नहीं दी जा रही है। वहीं भूमि पूजन करने के बाद भी अभी तक वार्डो मे विकास कार्य शुरू नही हो पाए हैं। मच्छरों के बढ़ते प्रकोप, अवारा कुत्तों के आतंक जैसे तमाम मुद्दो को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। जोन कमिशनरो को सौंपे गए ज्ञापन में समस्या का तत्काल निराकरण करने की मांग की गई।

### उग्र प्रदर्शन की चेतावनी

शहर अध्यक्ष गिरीश दुबे ने कहा, भाजपा सरकार बनने से निगम के जोनो मे किसी भी प्रकार का कार्य नही हो रहा है। आवास सर्वे के नाम पर लोगो से भेदभाव किया जा रहा है। इन सभी मुद्दों को लेकर चेतावनी दी गई की तत्काल इन समस्याओ का समाधान नही होता है तो आने वाले दिनो मे उग्र प्रदर्शन किया जायेगा।

### ये थे मौजूद

इस अवसर पर पूर्व विधायक विकास उपाध्याय, प्रमोद दुबे, श्रीकुमार मेनन, ज्ञानेश शर्मा, पंकज शर्मा, सुमित दास, प्रशांत ठेंगड़ी, अन्नूराम साहू, दाउलाल साहू, बंटी होरा, अरूण जंघेल, संजय सोनी, कामरान अंसारी, दीपा बग्गा, नवीन चंद्राकर, बंशी कन्नौजे, देवेंद्र यादव, सुमीत दास, सचिन शर्मा, मणिराम साहू, देव कुमार साहू, घनश्याम क्षत्रिय, अशोक ठाकुर, प्रमोद मिश्रा, माधव साहू, आकाश दीप शर्मा, सहदेव व्यवहार, शिव सिंह ठाकुर, सूर्यमणि मिश्रा, योगेश दीक्षित, भीम यादव, मोहसिन खान, सतीष ठाकुर आदि उपस्थित थे।

## नवा रायपुर के तूता धरना स्थल पर अनिश्चितकालीन हड़ताल

# प्लेसमेंट कर्मचारियों ने नगरीय निकाय मंत्री से की मुलाकात, ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल पर अपनी लंबित मांगों को लेकर अनिश्चितिकालीन हड़ताल पर हैं। मंगलवार को कर्मचारियों के प्रतिनिधिमंडल ने नगरीय प्रशासन व विकास मंत्री अरुण साव मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। विभागीय मंत्री ने प्लेमसेंट कर्मचारियों की मांगों पर उचित निर्णय लेने का भरोसा दिलाया है। दरअसल, प्रदेश के 14 नगर निगमों, 50 नगर पालिका और 120 नगर पंचायतों में कार्य करने वाले 20 हजार प्लेसमेंट कर्मचारी शासन के अन्य विभाग पीएचई, लोक निर्माण विभाग, वन विभाग की तर्ज पर नगरीय निकायों में ठेका प्रथा बंद करने की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि सालों से कार्यरत प्लेसमेंट कर्मचारियों को संबंधित नगरीय निकाय में समायोजन कर सीधा विभाग से भुगतान किया जाए। लामबंद कर्मचारी 8 दिन से काम ठप कर राजधानी के नवा रायपुर स्थित तूता में धरना दे रहे है। संघ प्रमुख खेमूलाल निषाद का कहना है निकायों में कार्यरत प्लेसमेंट कर्मचारी पिछले 15 से 20 साल से कार्य कर रहे हैं, पर उन्हें सम्मानजनक वेतन नहीं मिल रहा है। कम वेतन में घर चलाना मुश्किल हो रहा है। इससे कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त है। नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव को ज्ञापन सौंपने के दौरान छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ के कार्यकारी अध्यक्ष खेमूलाल निषाद, संभाग अध्यक्ष रायपुर हिमांशु यदु, राहुल मेढ़े, रायपुर निकाय के पदाधिकारी नीलू शर्मा, कल्याण सिंह, संजय ऐडे, हरीश साहू, शकुन हरपाल, राधा साहू, महेन्द्र सर्वे सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

- प्रदेशभर में 20 हजार नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी कर रहे आंदोलन



### काम पर लौटने का अधिकारी बना रहे दबाव

हड़ताली कर्मचारियों को काम पर लौटने नगरीय निकाय के अधिकारी दबाव बना रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक रायपुर नगर निगम स्वास्थ्य विभाग द्वारा मुख्यालय में पदस्थ कंप्यूटर आपरेटर को हड़ताल में शामिलि होने पर नोटिस जारी किया गया है। साथ ही कार्य के प्रति लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए जनवरी से कार्य मुक्त करने संबंधी पत्र थमाया गया है। इसी तरह अन्य विभागों में भी प्लेसमेंट कर्मचारियों को हड़ताल में शामिल न होने दबाव बनाया जा रहा है। इससे कर्मचारियों में नाराजगी व्याप्त है।



02



क्रिसमस के लिए सजने लगे गिरजाघर...

## लाइव इवेंट

# कृषि विश्वविद्यालय में आज से जुटेंगे देश-विदेश के कृषि अर्थशास्त्री

तीन दिनों तक कृषि अर्थशास्त्री, शोधकर्ता व छात्र-छात्राएं रखेंगे अपने विचार




**रायपुर।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में कृषि अर्थशास्त्र अनुसंधान संघ, नई दिल्ली का तीन दिवसीय 32वां वार्षिक सम्मेलन 11 से 13 दिसम्बर, 2024 तक 'उच्च, सतत और समावेशी विकास के लिए कृषि का डिजिटलीकरण' विषय पर आयोजित किया जा रहा है। सम्मेलन का शुभारंभ कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी मंत्री रामविचार नेताम करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वित्त, वाणिज्यिक कर, आवास और पर्यावरण, योजना तथा आर्थिक एवं सांख्यिकी मंत्री ओ.पी. चौधरी करेंगे। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल, नाबार्ड छत्तीसगढ़ के मुख्य महाप्रबंधक डॉ. ज्ञानेन्द्र मणि, कृषि अर्थशास्त्र अनुसंधान संघ, नई दिल्ली के अध्यक्ष डॉ. पी.के. जोशी, कृषि अर्थशास्त्र अनुसंधान संघ, नई दिल्ली के सम्मेलन अध्यक्ष डॉ. पी.एस. बिरथल एवं राष्ट्रीय जैव स्ट्रैस प्रबंधन संस्थान, बरौंडा, रायपुर के निदेशक डॉ. पी.के. घोष उपस्थित रहेंगे।

### कृषि-विपणन में डिजिटल परिवर्तन पर होगी चर्चा

सम्मेलन में कृषि अर्थशास्त्र से जुड़ी जानी-मानी हस्तियों द्वारा 'टिकाऊ खेती के लिए स्मार्ट एग्री-टेक', 'कृषि-विपणन में डिजिटल परिवर्तन', 'शासन और संस्थागत समार्थन' जैसी महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाएगी। सम्मेलन में भारत के अग्रणी कृषि अर्थशास्त्री, जिनमें डॉ. पी.के. जोशी, डॉ. प्रताप एस. बिर्थल, डॉ. मृत्युन्जय, डॉ. डी.के. मरोठिया, डॉ. अंजनी कुमार, डॉ. चेंगप्पा, डॉ. आर.एस. देशपाण्डेय, डॉ. सीमा बाठला, डॉ. स्मिता सिरोही, डॉ. सिरिषा सहित देश-विदेश के अन्य 350 से अधिक प्रतिष्ठित कृषि अर्थशास्त्री एवं ग्रामीण विशेषज्ञ, शोधकर्ता, वैज्ञानिक एवं छात्र-छात्राएं नौ तकनीकी सत्रों में अपने-अपने विचार रखेंगे। यह वार्षिक सम्मेलन कृषि क्षेत्र में हो रहे शोध और नीतिगत विकास को बढ़ावा देने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। यह आयोजन क्षेत्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर कृषि और ग्रामीण विकास में नई संभावनाओं को उकेरने में व नीति निर्माण में सहायक सिद्ध होगा।

## मुक्ताकाशी मंच पर कला उत्थान महोत्सव का हुआ समापन, नाटक और आदिवासी नृत्य से सजा मंच

# द्रौपदी की गुहार पर श्रीकृष्ण ने बचाई पंचाली की लाज चीर को खींचते दुःशासन के साथ कौरव के भी छूटे पसीने

**विलुप्त लोक एवं जनजाति कला उत्थान महोत्सव के समापन में मुक्ताकाशी मंच पर मंगलवार को महाभारत प्रसंग पर आधारित द्रोपदी चीरण नाटक का जीवंत मंचन किया गया। इस दौरान पांडव और कौरवों के बीच हुए विवाद को बारीकी से समझाया गया। नाटक देखने कला प्रेमियों के साथ शहरवासियों ने नाटक का लुफ्त उठाया।**






**रायपुर।** नाटक की शुरुआत दुर्योधन और पांडवों के बीच चौसर खेल से शुरू होता है। नाटक में पांडव सच्चाई के मार्ग पर चलते हुए अपना अधिकार चाहते थे। लेकिन, कौरव उन्हें 1 इंच जमीन भी नहीं देना चाहते थे। इसमें शकुनि के साथ दरबार में जुआ खेलने का आयोजन रखा गया, जिसमें दिखाया गया कि धूर्त मामा शकुनि की चालों से पांडव अपना सब कुछ हार गए थे। यहां तक कि उन्होंने द्रोपदी को भी दांव पर लगा दिया। इसके बाद दुर्योधन ने भरे दरबार में द्रोपदी को निर्वस्त्र करने का आदेश दुशासन को दे दिया।








### वाद्ययंत्र की ध्वनि में आदिवासी नृत्य

कार्यक्रम में एक नाटक में ग्रामीण समस्याओं को उजागर किया गया। इसमें दिखाया गया कि पैसों के लालच में कभी किसी को गलत फैसला जिम्मेदारों को नहीं सुनाना चाहिए। इसके अलावा वाद्ययंत्रों की ध्वनि से आदिवासी नृत्य की प्रस्तुति दी गई। इस दौरान लोगों ने मदारी, गुडमा, कोटकर, छूटाकी, टूरा जैसे दुर्लभ वाद्ययंत्रों की ध्वनि के साथ मनामोहक नृत्य देखा। नृत्य में कलाकारों का लय-ताल देखते बना। प्रस्तुति के दौरान जब सभी कलाकार मिलकर नृत्य कर रहे थे, तभी वाद्य यंत्र मंच पर छूट जाने पर भी सभी सामंजस्य बनाते हुए नृत्य जारी रखा।

### हे श्रीकृष्ण मेरी रक्षा करो

नाटक में जब दुशासन द्रोपदी को घसीटते हुए मंच पर लाता है, जो मंच पर मौजूद पांडव अपना सिर झुकाए होते हैं। इस दौरान असहाय द्रोपदी ने भरी सभा में भगवान श्री कृष्ण को याद किया और सहायता की गुहार लगाई। जिसके बाद भगवान श्री कृष्ण ने द्रौपदी की गुहार सुनी और उसने चीर बढ़ाकर द्रौपदी को आशीर्वाद दिया। यह भक्त और भगवान का सच्चा मिलन था। महाभारत के पात्र द्रौपदी का किरदार मंच पर जीवंत हुआ तो सभागार तालियों से गूंज उठा।

### जब द्रौपदी पर लगे लांछन

पांचाली पर पांच पतियों की पत्नी और चरित्रहीन होने जैसे आरोप लगते हैं। इस बीच कृष्ण प्रकट होते हैं और द्रौपदी का साहस बढ़ाते हैं। वह सती को समझाते हैं कि तुम समाज के आरोपों की चिंता मत करो। तुम नारी सशक्तीकरण की प्रतीक हो। नाटक में दिखाया गया कि द्रौपदी जीवन भर न्याय, समानता और मानवीय मूल्यों के लिए संघर्ष करती हैं, लेकिन लोग उसे महाभारत के युद्ध की वजह मानते हैं। नाटक में महाभारत के प्रसंग को संवादों और अभिनय के जरिए जीवंत किया गया।



## सिटी इवेंट

# मानव अधिकार संविधान द्वारा मिला हर व्यक्ति को उपहार है



**रायपुर।** पुरानी बस्ती स्थित अग्रसेन महाविद्यालय के एनएसएस इकाई द्वारा मानवाधिकार दिवस पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। वक्ता के रूप में डॉ. डॉली पांडे ने छात्रों से कहा कि मानव अधिकार हमें संविधान द्वारा उपहार स्वरूप दिया गया है। मनुष्य को अपने अधिकारों के बारे में जानकारी होनी चाहिए और अपने अधिकारों के हक के लिए हमेशा अडिग रहना चाहिए। मानव अधिकार संवैधानिक अधिकार भी प्रदान करता है और इसकी जानकारी सभी मनुष्य को होना चाहिए। महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉवी के अग्रवाल ने बताया कि स्वामी विवेकानंद ने युवाओं को अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाने की प्रेरणा दी है और प्रत्येक युवाओं को अपने मौलिक अधिकारों की जानकारी होना जरूरी है। यूनाइटेड नेशन ने 10 दिसंबर 1948 को अंगीकार किया, तब से हर साल यह दिन मानव अधिकार दिवस के रूप में मनाया जाता है।

### लड़ाई के लिए शक्ति प्रदान करता है

महाविद्यालय के एडमिनिस्ट्रेटर डॉ. अमित अग्रवाल ने छात्रों को कहा कि आज के समय में युवाओं को संवैधानिक अधिकारों की जानकारी आवश्यक है। आजकल युवा ऑनलाइन के जरिए अपराधों का शिकार हो रहे हैं, इसलिए भी छात्रों को अपने अधिकारों की जानकारी आवश्यक है। प्राचार्य डॉ. यूलेंद्र कुमार राजपूत ने बताया कि मानव अधिकार दिवस मनुष्य को अपने अधिकारों की लड़ाई के लिए शक्ति प्रदान करता है। कार्यक्रम का संचालन समाज कार्य विभाग के प्रोफेसर रूखमणि अग्रवाल ने किया।

### मूलभूत आवश्यकताओं के लिए जरूरी

पं. हरिशंकर शुक्ल स्मृति महाविद्यालय में 'क्या मानव अधिकार देश के विकास में बाधक है' विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने अपने ओजस्वी विचारों से अन्य छात्रों को जागरूक किया। मानव अधिकार स्वतंत्रता, समानता, न्याय और गरिमा को सुनिश्चित करता है और जागरुकता फैलाने में जोर देता है। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ममता शर्मा ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को बधाई दी और कहा कि 'मानव अधिकार' मानव जीवन की गरिमा और सम्मान की रक्षा करने का अधिकार है। ये सभी को रोटी, कपड़ा और मकान की मूलभूत आवश्यकताओं के लिए जरूरी है। सार्वभौमिक रूप से सभी को स्वतंत्र जीवन जीने की अनुमति देता है, अतः हमें इन अधिकारों को देश के विकास में सकारात्मक रूप से उपयोग करना चाहिए।



# स्टोरीटेलिंग के जरिए समझाया पर्यावरण शिक्षा विद्यार्थी वन्यजीव संरक्षण के लिए हुए प्रशिक्षित

**रायपुर।** जंगल सफारी में वाइल्डलाइफ कंजर्वेशन पर स्टोरीटेलिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया है। तीन दिवसीय वर्कशॉप के प्रथम दिवस में लगभग 20-25 गाइड्स ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य वन्यजीव संरक्षण के प्रति जागरुकता में स्टोरीटेलिंग तकनीकों के माध्यम से शिक्षा को प्रोत्साहित करना है। कार्यशाला में सचिदानंद मिश्रा, रूपेश बेहेरा और विजय नायक ने रिसोर्स पर्सन के रूप में उपस्थित रहे। कार्यशाला के माध्यम से प्रतिभागियों को स्टोरीटेलिंग तकनीकों का उपयोग करके वन्य जीव संरक्षण के संदेश को प्रभावी ढंग से साझा करने और नंदनवन की पर्यावरण शिक्षा और संरक्षण पहल को बढ़ावा देने के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है। नंदनवन जंगल सफारी के संचालक धम्मशील गणवीर ने कहा, यह वर्कशॉप वाइल्डलाइफ संरक्षण के प्रति लोगों में जागरुकता लाने और संरक्षण के संदेश को सरल और प्रभावी रूप से समाज तक पहुंचाने का एक अनूठा प्रयास है। कार्यशाला में सभी प्रतिभागियों को वन्यजीव और पर्यावरण के संबंध में आम जनमानस और विद्यार्थियों में जागरुकता प्रयास को एक नई दिशा मिलेगी।





### पहली बार जीपीएस टैग लगाकर आसमान में छोड़ा गिद्ध

*जंगल सफारी प्रबंधन ने इजिप्शियन वल्चर की जियो टैगिंग कर उसके प्राकृतिक आवास में छोड़ा। जंगल सफारी प्रबंधन द्वारा 6 जून को रायपुर-बिलासपुर हाईवे पर घायल और कमजोर हालत में एक इजिप्शियन वल्चर को रेस्क्यू किया गया था। डिहाइड्रेशन और थकावट के कारण कमजोर इस पक्षी को नंदनवन जंगल सफारी लाकर इसका इलाज किया गया। गिद्ध पर लगाया गया ट्रांसमीटर सोलर पावर चार्जिंग तकनीक से सुसज्जित है, जो इसे लंबे समय तक सक्रिय रहने में सक्षम बनाता है।नंदनवन जंगल सफारी में हिमालयन ग्रिफॉन, सिनेरेस वल्चर और व्हाइट-रंप्ड वल्चर जैसे गिद्धों को सफलतापूर्वक रेस्क्यू और पुनर्वासित किया गया है। इन गिद्धों का उपचार कर उन्हें उनके प्राकृतिक रहवास में छोड़ दिया गया। छत्तीसगढ़ में पहली बार हुई इस जियो टैगिंग ने वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में एक नई शुरुआत की है और यह पहल भविष्य में अन्य प्रजातियों के संरक्षण में भी मददगार साबित होगी।*

# राष्ट्रीय साहित्य संगोष्ठी 18 दिसंबर को शामिल होंगे कई राज्यों के साहित्यकार

**रायपुर।** गुरु घासीदास जयंती के अवसर पर न्यू राजेंद्र नगर में 18 दिसंबर को दोपहर 2 बजे से राष्ट्रीय संगोष्ठी होगी। इस संगोष्ठी का विषय संत गुरु घासीदास जी के अमर सिद्धांत मनखे-मनखे एक बरोबर सामाजिक समरसता तथा पर्यावरण एवं जैव विविधता का मानव जीवन पर प्रभाव पर होगी। यह कार्यक्रम गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी की ओर से किया जा रहा है। संगोष्ठी में भाग लेने के लिए छग सहित अन्य राज्यों से भी साहित्यकार पधार रहे हैं जो इस विषय पर अपना व्याख्यान देंगे। जिनमें मुख्य रूप से डॉ. विनय कुमार पाठक, गिरीश पंकज, डॉ. डीएन खूंटे, डॉ. स्वामी राम बंजारे, डॉ.अनसूईया अग्रवाल, प्रो. आरपी टंडन, डॉ. शकुंतला डेहरे, प्रो. बृजेश गौतम, कमलेश दास तिवारी, डॉ. कल्याण रवि, रूपसिंह राझा तथा डॉ. सुधीर शर्मा शामिल होंगे। आयोजन समिति के अध्यक्ष केपी खंडे, प्रवक्ता चेतन चंदेल एवं वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. जेआर सोनी ने बताया किकार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार दिल्ली के मोहन दास नैमिसराय होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पुलिस महानिरीक्षक डॉ.रतनलाल डांगी करेंगे। विशिष्ट अतिथि सेवा.आईएएस डॉ. सुशील त्रिवेदी, मैट्स यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. केपी यादव, डा. केसरी लाल वर्मा कुलपति छत्रपति शिवाजी विश्वविद्यालय मुंबई तथा वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. अनिल भतपहरी तथा डा. परदेसी राम वर्मा होंगे।

## शहर के गिफ्ट शॉप में तैयार किए जा रहे ग्रीटिंग कार्ड और उपहार

# क्रिसमस और नए साल की बधाई देने स्केच आर्टिस्ट से बनवा रहे ग्रीटिंग कार्ड, इसलिए अब दुकानों में घटी बिक्री

कार्नर न्यूज

**इन दिनों कस्टमाइज गिफ्ट का चलन बढ़ता जा रहा है, जहां लोग डे-सेलिब्रेशन के लिए खास उपहार भेंट करना पसंद करते हैं। जन्मदिन, सालगिरह, क्रिसमस, नया साल जैसे खास दिनों को यादगार बनाने दुकानों में कस्टमाइज गिफ्ट और कार्ड तैयार किए जा रहे हैं। इसमें कार्ड और एक्सप्लोजन बॉक्स शामिल हैं।**




**रायपुर।** दुकानदारों के अनुसार, विगत कुछ वर्षों से कस्टमाइज कार्ड का चलन बढ़ गया है। जिसमें लोग अपने अनुसार ही इसकी डिजाइन व लुक तैयार करते हैं। वहीं कस्टमाइज कार्ड के आने से सामान्य कार्ड की डिमांड कम होती जा रही है। लोगों का रुझान हैंडमेड गिफ्ट और कार्ड में बढ़ता जा रहा है।

### नई डिजाइन के कार्ड पहली पसंद

दुकान संचालक रोहित ने बताया, नए साल से कुछ दिन पहले ग्रीटिंग कार्ड के आर्डर मिलने शुरू हो जाते हैं। दुकान में कस्टमाइज कार्ड 250-500 रुपए तक की कीमत पर तैयार किए जाते हैं। इसके डेकोरेशन में बुके और मैसेज होता है। कार्ड का चलन कम होने के बाद भी लोग कुछ खास दिनों के लिए कस्टमाइज कार्ड बनवाना पसंद करते हैं। इन दिनों न्यू ईयर, क्रिसमस, सगाई जैसे फंक्शन के लिए ऑडर मिल रहे हैं, जिसे कस्टमर न्यू लुक व डिजाइन के साथ खरीदना चाहते हैं।

### हैंडमेड ग्रीटिंग कार्ड का चलन

दुकान संचालक अक्षत सुराना ने बताया, वर्तमान में ग्रीटिंग कार्ड का चलन कम हो गया है, लेकिन दुकान में कपल्स, एनिवर्सरी, क्रिसमस और नए साल के लिए कार्ड तैयार किए जाते हैं, जिसे लोगों की डिमांड पर कस्टमाइज किया जाता है। इसकी कीमत 5 सौ से शुरू होकर 5 हजार तक तय की गई है। खरीदारों की पसंद के अनुसार कार्ड में मैसेज होता है, जिसके बाद बजट तैयार कर हैंडमेड कार्ड बनाया जाता है। चॉकलेट, आर्टिफिशियल फूल, गिफ्ट, मैसेज समेत अनेक वस्तुओं के साथ इसे तैयार किया जाता है।






### न्यू ईयर के लिए एक्सप्लोजन बॉक्स

दुकान संचालक अंजलि पारेख ने बताया, वर्तमान में हैंडमेड वस्तुओं की डिमांड सबसे अधिक है। इसमें लोग अपने मनपसंद कलर, डिजाइन व लुक में उपहार देना पसंद करते हैं। हैंडमेड ग्रीटिंग कार्ड बीते 3-4 साल से लोगों की पहली पसंद बन चुके हैं। नए साल से दो सप्ताह पहले से ही कार्ड के आर्डर मिलने शुरू हो जाते हैं, जिसे ऑफिस, कपल्स और परिवारिक सदस्यों के लिए बनाया जाता है। इसमें एक्सप्लोजन बॉक्स लोगों की पहली पसंद है, इसमें फोटो, मैसेज, गिफ्ट या अन्य वस्तुएं शामिल होती हैं। इसकी कीमत 350 रुपए से 3 हजार तय की गई है।

## धर्म लाइव

# युवक-युवतियों ने बताई भावी जीवनसाथी को लेकर अपनी अपेक्षाएं



**रायपुर।** सिख युवक-युवतियों के लिए टाटीबंध स्थित महाराजा जस्सा सिंह रामगढ़िया भवन में परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में हिस्सा लेने छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के अलावा ओडिशा, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश और आंध्र प्रदेश से भी 105 योग्य लोग पहुंचे। इस दौरान युवक-युवतियों ने शादी को लेकर जीवनसाथी से अपेक्षाएं साझा कीं। दोनों परिवार के साथ मेल-मिलाप कर बच्चों को को आपस में बातचीत का अवसर प्रदान किया गया। सुबह से शाम तक मंच से परिचय देने का क्रम चलता रहा। अध्यक्ष जसविंदर सिंह राणाजी ने बताया कि दूसरे राज्यों से लोग सम्मेलन में पहुंचे। अतिथियों के लिए रहने और खाने की भी व्यवस्था की गई थी। सम्मेलन के बाद अब दोनों परिवार रिश्तों को लेकर मंजूरी देंगे।

### छत्तीसगढ़ से पहुंचे अधिक लोग

सम्मेलन में शामिल होने के लिए राजधानी के अलावा छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे। इस दौरान युवक-युवतियों ने शादी को लेकर अपनी पसंद बताई। सम्मेलन में मंजीत सिंह पनेसर, सुरेंद्र सिंह हंसपाल, गुरबचन सिंह, हरपाल सिंह, अटल सिंह, मलकीत सिंह रीहल, चरणजीत सिंह, रंजीत सिंह पनेसर, निर्मल सिंह सग्गू, सरबजीत सिंह, ओंकार सिंह, हरदीप सिंह, मलकीत सिंह बाड़े, सुरेंद्र सिंह बाड़े, और सरबजीत सिंह, सुखबीर सिंह, खलविन्दर सिंह, महिला विंग से हरशरण कौर, बलविंदर कौर, कुलदीप विरदीए संजीत कौर, साथ ही अध्यक्ष प्रदीप कौर, अंशु राणा, नीतू भुई, कवलजीत कौर, सिमरन कौर, जसविंदर कौर, मंजू भामरा, जीत कौर, स्वीटी सग्गू और रूबल रिहल उपस्थित रहे।

## धर्म लाइव

# आप सिर्फ विद्यार्थी नहीं, राष्ट्र के नवनिर्माता भी, सर्वांगीण विकास से बनेंगे देव मानव




**रायपुर।** आप लोग स्कूलों में पढ़ाई करने वाले विद्यार्थी ही नहीं राष्ट्र के नवनिर्माता भी हैं। विद्या अध्ययन करने वाले युवाओं में निखार आने से सर्वांगीण विकास होगा। इससे भारत को श्रेष्ठ, समर्पित स्वयंसेवक के साथ प्रखर राष्ट्रभक्त मिलेंगे। विषय विशेषज्ञ बनने के साथ मानव और देव मानव बनाना भी हमारा मकसद है। इससे मनुष्य में देवत्व के गुण आने से धरती पर स्वर्ग का स्वप्न साकार होगा। यह तभी संभव होगा, जब हर विद्यार्थी को भारतीय संस्कृति, सभ्यता का ज्ञान होगा। देव संस्कृति विश्वविद्यालय हरिद्वार से आए चंद्रप्रकाश, सौरभ प्रजापति एवं राहुल सिंह राठौर सभी स्कूलों में विद्यार्थियों को ये पाठ पढ़ा रहे हैं।

### बता रहे संस्कृति के दिव्य सूत्र

भारतीय संस्कृति के दिव्य सूत्रों को बताते हुए आगे कहा कि केवल औपचारिक शिक्षा से ज्ञान प्राप्त होगा। इससे अभिमान बढ़ता है, जो व्यक्तित्व विकास में बाधक है, अतः शिक्षा के साथ-विद्या का होना जरूरी है। विद्या के बिना मनुष्य का सर्वांगीण विकास नहीं हो सकता। शिक्षा से भौतिक सुख के साथ हमें धन प्राप्त होता है, जबकि विद्या हमें एक अच्छा इंसान बनाती है। विद्या से हमें धर्म व अधर्म में भी फर्क पता चलता है। शिक्षा व्यक्ति को स्वार्थी व विद्या परमार्थी बनाती है। विद्या व्यक्ति को पशु से अलग करती है। गायत्री परिवार के समन्वयक लच्छूराम निषाद, आशीष राय, प्रज्ञा प्रकाश निगम ने बताया कि 29 नवंबर से रायपुर में सामाजिक परिवीक्षा इंटर्नशिप के लिए हरिद्वार से आए विद्यार्थी हर दिन सरकारी और प्राइवेट स्कूलों में जाते हैं।

## समाज इवेंट

# साइबर ठगी के नए तरीकों से बचने लोग हुए जागरूक




**रायपुर।** भारतीय स्टेट बैंक ने छत्तीसगढ़ राज्य के ग्राहकों और आम जनता को साइबर अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक करने साइबर सुरक्षा जागरुकता अभियान' का शुभारंभ बैरन बाजार के प्रशासनिक कार्यालय में किया है। इस दौरान वर्तमान में साइबर ठगी के नए-नए तरीके से बचने और सतर्कता बरतने की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में भोपाल नेटवर्क-3 के महाप्रबंधक राम कुमार तिवारी, प्रशासनिक कार्यालय के उप महाप्रबंधक राकेश कुमार सिन्हा और रायपुर के क्षेत्रीय प्रबंधक विभाष कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रायपुर के एसएसपी डॉ. संतोष कुमार सिंह शामिल हुए।ग्राहकों और उपस्थित सदस्यों को साइबर अपराध से सतर्क रहने और उससे बचाव के उपायों के प्रति जागरूक किया गया। एसएसपी डॉ. संतोष कुमार सिंह ने पहल की सराहना की।

### 31 जनवरी तक सभी जिलों में पहुंचेगी 'साइबर जागरुकता वैन'

कार्यक्रम के अंत में अतिथियों द्वारा 'साइबर जागरुकता वैन' को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह वैन 31 जनवरी तक छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में भ्रमण करेगी और ऑडियो-वीडियो सामग्री, पाम्पलेट वितरण और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जनता को साइबर अपराध से बचाव के उपाय बताएगी। साइबर जागरुकता वैन के साथ सिक्का वितरण चलित वाहन को भी शहर में विभिन्न स्थानों पर सिक्के वितरण के लिए रवाना किया गया। अगली कड़ी में जे योगानंदम छत्तीसगढ़ महाविद्यालय में भारतीय स्टेट बैंक और रायपुर पुलिस साइबर सेल के सहयोग से साइबर जागरुकता पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया।

● राजधानी के सभी गिरजाघरों में उत्सव की तैयारी, मसीही परिवारों के लोग कर रहे स्वागत

# क्रिसमस के लिए सजने लगे गिरजाघर, सांता क्लॉज बनकर कैरोल सिंगिंग से यीशु के आने का दे रहे संदेश

शहर के गिरजाघरों में इन दिनों प्रभु यीशु के आने की खुशी में उसे संजाने-संवारने का दौर चल रहा है। संत जोसेफ चर्च में दिसंबर के पहले ही रंगाई-पोताई का क्रम शुरू हो गया है। इसी तरह का क्रम पेंट पॉल्स चर्च में भी क्रिसमस को उत्सव का रूप देने के लिए तैयारी का सिलसिला तेज है। इस क्रिसमस में भी हर वर्ग के लोग सहयोग दे रहे हैं।


**रायपुर।** मसीही समाज के प्रमुख जहां प्रार्थना सभा में शामिल होने वालों की बैठक व्यवस्था की तैयारी करवा रहे हैं। वहीं, युवाओं के ग्रुप ने समाज के लोगों तक प्रभु यीशु के आने का संदेश कैरोल सिंसिंग से देने के लिए हर दिन अलग-अलग बस्तियों व पॉश कॉलोनियों में रहने वाले लोगों तक पहुंचने लगे हैं। सिंगिंग दल में सांता क्लॉज बनकर चलने वाले लोग आकर्षण का केन्द्र भी हैं।



### चर्च परिसर में बनेगी झांकी

हर साल की तरह बैरन बाजार गिरजाघर परिसर में इस बार भी आकर्षक झांकी सजाने का दौर शुरू होने वाला है। इस क्रिसमस को खास बनाने के लिए क्रिसमस ट्री के साथ ही घास व बांस की मदद से चरनी बनाया जाएगा। इसके लिए अलग-अलग लोगों को जिम्मेदारी दी गई है। इनके द्वारा क्रिसमस से कुछ दिन पहले ही परिसर में झांकी स्वरूप तैयार किया जाएगा। जहां लोग क्रिसमस का हिस्सा बनने के बाद बच्चों को प्रभु यीशु के जीवन से जुड़ी बातों और संदेशों से अवगत कराते हैं। कैंडल के लिए स्टैंड भी सजेंगे।

### अलग-अलग क्षेत्र में जाते हैं दल



सेंट पॉल्स चर्च के कैरोल गायन दल ने अब मसीही परिवारों के बीच प्रभु यीशु का संदेश देने के लिए कैरोल सिंगिंग भी शुरू किया है। इसके लिए हर वर्ग के लोगों को मिलाकर दो दल बनाए गए हैं। इसमें पादरी और डीकन की अगुवाई में कैरोल सिंसिंग के लिए दल विभिन्न पॉश कॉलोनियों और बस्तियों में पहुंचने लगा है। सेंट पॉल्स चर्च के पादरी सुनील कुमार और सुशील मसीह संग शुरुआत हुई। लोगों के घरों में जाकर संदेश देने के साथ जीवन से जुड़े महत्व और संदेश को सिंसिंग के जरिए भी बता रहे हैं।

### रंगीन लाइटों से हो रहे रोशन



जैसे-जैसे क्रिसमस करीब आ रहा है, खमतराई चर्च, टाटीबंध चर्च ही नहीं, बल्कि कापा में भी चर्च को रंगीन लाइटों से रोशन करने का सिलसिला शुरू हो गया है। चर्च परिसर को पूरी तरह से उत्सव के लिए सजाया जाने लगा है। इसके लिए हर चर्च ने अलग-अलग लोगों को जिम्मेदारी दी है। इनके मार्गदर्शन में ही क्रिसमस के दिन मसीही समाज को बेहतर सुविधा मिलेगी। पार्किंग, कैंडल स्टैंड के साथ ही कैंपस में आकर्षक झांकी भी बनाई जाएगी। इसके लिए चरनी बनाने का सिलसिला अभी शुरू नहीं हो पाया है।

### टिकरापारा में भी कैरोल गायन

बैरन बाजार गिरजाघर से जुड़े बसंत तिर्की ने बताया कि क्रिसमस से पहले पड़ने वाले संडे को क्रिसमस झांकी निकाली जाएगी। इसमें समाज के लोग भारी तादाद में शामिल होते हैं। प्रभु यीशु के आने की खुशी में संदेश देने के लिए शहर के मुख्य मार्गों का भ्रमण करते हैं। इसमें मसीही समाज के लोग उत्साह से भाग लेते हैं। इस बार भी कैरोल सिंगिंग दल अलग-अलग क्षेत्र में प्रभु यीशु का संदेश देने के लिए समाज के हर परिवार तक पहुंचने का प्रयास कर रहा है। टिकरापारा क्षेत्र में अभी संदेश देने युवा पहुंच रहे हैं।

### सांता क्लॉज बन बांट रहे चाकलेट

हर दल में सांता क्लॉज भी हैं, वे जिस घर या कॉलोनी में रहने वाले परिवारों के बीच पहुंच रहे हैं। कैरोल गायन के बाद आसपास रहने वाले बच्चों और परिवार के लोगों को खुशी का इजहार करते हुए चॉकलेट और गिफ्ट भी जाकर दे रहे हैं। इस बार भी करीब एक हजार से ज्यादा परिवारों के बीच परमात्मा के आने की खुशी बांटने का लक्ष्य है। समाज के लोग हर क्षेत्र में रहते हैं। इसे देखते ज्यादा से ज्यादा परिवारों के बीच खुशी जाहिर करने गायन दल पहुंच रहा है।



# पहाड़ों की खूबसूरत वादियां हमारे छत्तीसगढ़ की हैं...

**रायपुर।** पर्वत हमारे जीवन में केवल प्राकृतिक सुंदरता ही नहीं, बल्कि हमारी जीवनशैली, जलवायु और जैवविविधता से भी जुड़ा हुआ है। आज अंतरराष्ट्रीय पर्वत दिवस मनाया जा रहा है। छत्तीसगढ़ में सतपुड़ा-मैकल की लंबी पर्वतमाला है, जिसकी खूबसूरत वादियां को कबीरधाम के चिल्फी घाटी और बदरगढ़ से लेकर राजनांदगांव, मुंगेली, और बिलासपुर जिले से भी देखा जा सकता है। खास बात यह है कि छत्तीसगढ़ में सतपुड़ा की मैकल श्रृंखला की सबसे ऊंची चोटी बदरगढ़ है, जो कबीरधाम में स्थित है। इसकी ऊंचाई 1176 मीटर है।

अंतरराष्ट्रीय पर्वत दिवस



# संत गेलाराम की वर्सी में संत महंतों ने किया अखंड पाठ

**रायपुर।** गोदड़ीवाला धाम देवपुरी में तीन दिवसीय ब्रह्म स्वरूप संत बाबा गेलाराम साहब वर्सी महोत्सव के अंतिम दिन उत्साह का माहौल रहा। मंगलवार को दोपहर 12 बजे संत मनमोहन कृष्ण भगवान विष्णु के जीवन प्रसंगों को सत्संग का हिस्सा बनाया। इसके साथ ही उन्होंने राजा बली के उद्धार से जुड़े कथा और प्रसंग के साथ बाल वामन अवतार के चरित्र भी वर्णन किया। वहीं, अयोध्या से आए सांई नितिन लाल ने भगवान राम के जीवन प्रसंग को लेकर कथा सुनाते हुए कहा कि इसे सुनने के बाद जीवन में आत्मसात भी करें। इसके बाद रायगढ़, भाटापारा और जलगांव की बाल मंडलियों ने श्रद्धालुओं के बीच भजनों का क्रम शुरू किया।



### आशीर्वाद देने पहुंचे 11 धाम के संत

इसमें 50 पंचायतों के मुखिया के साथ ही 11 धाम से आए संत-महंत भी शामिल हुए। जब दोपहर 2 बजे अखंड पाठ एवं अखंड धुनी साहब का भोग महंत देवीदास, महंत अम्मा मीरा देवी के सानिध्य में लगाया गया, तो इसमें संत युधिष्ठिर लाल भी आशीर्वाद देने श्रद्धालुओं के बीच पहुंचे। अमरावती के साईं किशन लाल, नागपुर के साईं यश कुमार, हरिद्वार के साईं मोहन प्रकाश ने कृष्ण के भावपूर्ण भजनों को पेश किया। इसके चलते महोत्सव के अंतिम दिन भी श्रद्धालुओं की भीड़ रही, लोग परिवार के साथ शामिल हुए।

देवपुरी स्थित गोदड़ीवाला धाम में महोत्सव के अंतिम दिन उमड़ी भीड़

### शाम को महोत्सव का हुआ समापन

महोत्सव में संतों से योगेश अग्रवाल, सरल मोदी, ललित जयसिंह, चंदर विधानी, किशोर आहूजा, राधा किशन सुंदरानी, चेतन तारवानी, सुभाष बजाज, तेज कुमार बजाज ने आशीर्वाद लिया। स्वास्थ्य शिविर में 150 बुजुर्गों का आयुष्मान कार्ड बना। सेवादार हरि इसरानी, अमर गिढ़वानी, सतीश थोरानी के साथ ही पवन प्रीतवानी ने इस महोत्सव को सफल बनाने में अहम जिम्मेदारी निभाई। उन्होंने बताया कि मंगलवार को देवपुरी तीर्थ में जारी तीन दिवसीय महोत्सव के समापन का विधान शाम को पूजा-पाठ से किया गया।

शहीद वीर नारायाण के बलिदान दिवस पर जयस्तंभ चौक के पास सजा मंच

# जयस्तंभ में पंडवानी की तर्ज पर गूंजी वीर गाथा

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** शहीद वीर नारायण सिंह के बलिदान स्थल जयस्तंभ चौक के पास सजाए गए मंच पर प्रसिद्ध पंडवानी गायक चेतन देवांगन संगत दल और रागी के साथ अलग ही अंदाज में नजर आए। मंगलवार को वे महाभारत के प्रसंग को लेकर नहीं, बल्कि अंग्रेजों से दो-दो हाथ करने वाले वीर सपूत के रूप में पहचान रखने वाले शहीद वीर नारायण सिंह के जीवन प्रसंगों पर आधारित बिन्दुओं को सुर-ताल और संगत दल के साथ छत्तीसगढ़ी गायकी से वीर सपूत के संघर्ष और त्याग को पंडवानी के अंदाज में सुना रहे थे। अवसर था राज्य आंदोलनकारी, छत्तीसगढ़ी समाज पार्टी, छत्तीसगढ़ संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा शहीद की शहादत को याद किया गया।



### इतिहासकारों ने गोष्ठी में की चर्चा

इस बीच शहीद वीर नारायण सिंह के व्यक्तित्व, कृतित्व पर गोष्ठी भी हुई। इसकी अध्यक्षता इतिहासविद् प्रो. रमेंद्रनाथ मिश्र ने की। इतिहासकार के.के.अग्रवाल, शिक्षाविद डॉ.घनाराम साहू, प्रेस क्लब रायपुर के महासचिव डॉ.वैभव पांडे इसमें शामिल हुए। गोष्ठी में विचार व्यक्त करते हुए वक्ताओं ने क्रांतिकारी वीर नारायण सिंह के व्यक्तित्व पर खोज पूर्ण इतिहास को रेखांकित किया। साथ ही उनके बलिदान स्थल को भी प्रमाणित किया। कहा कि गौरव पुरुष के इतिहास को शासन-प्रशासन द्वारा उपेक्षित किया गया है।

### आल्हा की तर्ज पर पेश किया गीत

देश-विदेश में एकल अभिनय करने वाली सुश्री ममता आहार एवं उनकी छात्राओं द्वारा क्रांतिकारी शहीद वीर नारायण सिंह के जीवन पर आधारित गीत पेश किया गया। लोक कलाकार राकेश तिवारी द्वारा शहीद वीर नारायण सिंह के शौर्य गाथा पर आधारित आल्हा की तर्ज पर गीत पेश किया गया। गीत-संगीत का यह सिलसिला आगे बढ़ा तो कवि मीर अली मीर ने भी दो गीत पेश किया। लोकप्रिय रामायणी नंदकुमार साहू की मंडली ने भी स्व रचित शहीद वीर नारायण सिंह की शौर्य गाथा को पंथी की धुन में पेश किया।



### मोमबत्ती जलाकर दी श्रद्धांजलि

अंतिम क्रम में रमेंद्र नाथ मिश्र ने कहा कि हमारे क्षेत्र में क्रांतिकारी और शहीदों की लंबी श्रृंखला है। अब गहन खोज करने एवं राष्ट्रीय भवन एवं स्थल को संरक्षित करने की जरूरत है। आयोजन के प्रभारी एवं अध्यक्ष अनिल दुबे, दाऊ जी.पी.चंद्राकर, वेगेंद्र सोनवेर, लालाराम वर्मा, महेंद्र कौशिक, छन्नू साहू ने इस आयोजन को हर साल की तरह चौथे वर्ष भी सफल बनाने में योगदान दिया। शाम साढ़े 5 बजे जयस्तंभ चौक में मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि देने के बाद कार्यक्रम का समापन किया गया। इसमें हर वर्ग के लोग शामिल हुए।

## सिटी स्पोर्ट्स

### सिंगापुर चेस टूर्नामेंट में रायपुर के विवान छा गए, ट्रॉफी के साथ मिले 150 डॉलर




**रायपुर।** सिंगापुर में संपन्न तोया पायोह वेस्ट सीसी डेक ब्लिट्ज व रैपिड चेस टूर्नामेंट में रायपुर के बारह वर्षीय सब जूनियर खिलाड़ी विवान रॉय ने तीसरा स्थान प्राप्त कर छत्तीसगढ़ प्रदेश का नाम रोशन किया है। इस शानदार सफलता पर उन्हें बतौर इनाम ट्रॉफी के साथ 150 डॉलर मिला। छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के राज्य सचिव हेमंत खुटे ने जानकारी देते हुए बताया कि विवान रायपुर के सीनियर कोच व अविभाजित मध्यप्रदेश तथा छत्तीसगढ़ के भूतपूर्व राज्य चैंपियन रहे रविकुमार से विधिवत प्रशिक्षण ले रहे हैं।

छत्तीसगढ़ में शतरंज खेल के प्रति अब खिलाड़ियों व उनके अभिभावकों में भी दिलचस्पी बढ़ी है।अपनी कड़ी मेहनत, समर्पण व जुनून के बलबूते खिलाड़ी अपने खेलों में दिन ब दिन निखार ला रहे हैं। विगत दिनों भुवनेश्वर में आयोजित 16 वीं के आई आई टी इंटरनेशनल चेस फेस्टिवल में भिलाई के तेज गति से उभर रहे यशद बांबेश्वर ने यू एस ए के ग्रैंडमास्टर ग्रैंडमास्टर रसेट जियादिनोव व हंगरी के इंटरनेशनल मास्टर तुर्जो एटिला को हराकर शतरंज जगत में सनसनी फैला दी थी। उक्त स्पर्धा के ए केटेगरी में यश ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 18 वा रैंक हासिल कर 15000 नगद केश प्राइज जीता है। ज्ञात हो कि यशद ने 17 से 19 नवंबर तक नर्मदापुरम में आयोजित एस जी एफ आई स्कूल गेम्स चेस चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ से जूनियर वर्ग का प्रतिनिधित्व करते हुए बिना कोई मैच हारे बोर्ड प्राइज के तहत गोल्ड मेडल हासिल किया था।

इसी तरह से रायपुर के ही प्रतिभावान खिलाड़ी आनंद राय ने भुवनेश्वर की किट इंटरनेशनल चेस फेस्टिवल के सी केटेगरी में भाग लेकर चौथा स्थान हासिल किया है जहां बतौर इनाम 50000 रुपए की राशि मिली। वहीं रायपुर की नन्ही प्रतिभा अनिका रेडी ने उक्त स्पर्धा के अंडर - 8 में हिस्सा लेकर तीसरा स्थान प्राप्त कर प्रदेश को गौरवान्वित की है।

### महिला क्रिकेट में छत्तीसगढ़ टीम को मिली शिकस्त

**रायपुर।** बी सी सी आई द्वारा सीनियर वुमेंस



वनडे क्रिकेट टूर्नामेंट 2024 का आयोजन 4 दिसंबर से जारी है। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम का तीसरा मैच मंगलवार को चंडीगढ में दिल्ली टीम के विरुद्ध खेला गया। दिल्ली ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। दिल्ली ने पहले बल्लेबाजी करते हुये 50 ओवरों में 8 विकेट खोकर 200 रन बनाये। दिल्ली की ओर से श्वेता सेहरावत ने सर्वाधिक 76 रन बनाये। उनके अतिरिक्त प्रज्ञा रावत ने 56 तथा नजमा ने नाबाद 22 रन बनाये।

छत्तीसगढ़ टीम की ओर से सलोनी डोंगरे ने 3 विकेट तथा महक नरवसे ने 2 विकेट प्राप्त किया। 201 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी छत्तीसगढ़ की टीम 36.2 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 65 रन ही बना सकी। छत्तीसगढ़ की शुरुआत काफी खराब रही। छत्तीसगढ़ की ओर से ऐश्वर्या सिंह ने 32 रन तथा यीशा भारती देवांगन ने 17 रनों का योगदान दिया। दिल्ली की ओर से मधु ने 4 विकेट, सोनी यादव एवं सुमिति सोनी ने 3-3 विकेट प्राप्त किये। दिल्ली ने मैच 135 रन से जीत लिया।

### कॉलेज स्तरीय योग में सतीश प्रथम रहे



**रायपुर।** पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के तत्वाधान में शा.दू.ब.महिला कॉलेज द्वारा आयोजित अंतर महाविद्यालयीन योग स्पर्धा का उद्घाटन कॉलेज की प्राचार्या डॉ. किरण गजपाल ने किया। इस प्रतियोगिता में पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले कॉलेजों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में कॉलेज के सतीश पटेल ने रिदमिक योग पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता के निर्णायक डॉ. राजीव चौधरी, श्रीमती मंजू झा, सुश्री. निष्ठा साहू थे। इस प्रतियोगिता के आधार पर पं. रविशंकर शुक्ल यूनिवर्सिटी की महिला एवं पुरुष योगा टीम का चयन किया गया। विश्वविद्यालय की महिला एवं पुरुष योगा टीम आगामी स्पर्धा केआईआईटी यूनिवर्सिटी भुवनेश्वर में आयोजित नॉर्थ ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता में भाग लेगी।

आपको भी लगती है बहुत ज्यादा ठंड तो करा लें जांच

# सामान्य ठंड में भी कंपकंपी छूट रही है तो हो जाएं गंभीर, हो सकते हैं इन तकलीफों के शिकार

क्या आपको भी अन्य लोगों की तुलना में ज्यादा ठंड लगती है? तमाम प्रयास करने के बावजूद भी शरीर जल्दी गर्म नहीं हो पाता है। कभी-कभी ऐसा होना तो सामान्य है हालांकि अगर अक्सर ये दिक्कत बनी रहती है तो सावधान हो जाना चाहिए। दिसंबर-जनवरी का महीना देश के अधिकतर हिस्सों में भीषण ठंड वाला होता है। हालांकि इस बार पिछले वर्षों की तुलना में ठंड कम है। सेहत के लिहाज से ठंड का समय कई प्रकार से चुनौतीपूर्ण हो सकता है। विशेषकर बच्चों और बुजुर्गों को इन दिनों विशेष सावधानी बरतते रहने की सलाह दी जाती है। ठंड के कारण सर्दी-जुकाम की समस्या से लेकर साइनस और आर्थराइटिस की दिक्कत ट्रिगर हो सकती है, इसलिए बचाव के उपाय करते रहना सभी के लिए बहुत जरूरी है। क्या आपको भी अन्य लोगों की तुलना में ज्यादा ठंड लगती है? तमाम प्रयास करने के बावजूद भी शरीर जल्दी गर्म नहीं हो पाता है। कभी-कभी ऐसा होना तो सामान्य है हालांकि अगर अक्सर ये दिक्कत बनी रहती है तो सावधान हो जाना चाहिए। कुछ मामलों में ऐसा अंतर्निहित स्वास्थ्य समस्याओं या फिर विटामिन्स की कमी के भी कारण हो सकता है।



### ज्यादा ठंड लगने की समस्या

ठंड अधिक लगना वैसे तो कोई बीमारी नहीं है, हालांकि यह किसी अंतर्निहित स्वास्थ्य समस्या का संकेत जरूर हो सकता है। एनीमिया, हाइपोथायरायडिज्म, फाइब्रोमायल्जिया या एनोरेक्सिया जैसी स्वास्थ्य समस्याओं के कारण इस तरह की दिक्कतें हो सकती हैं। कुछ प्रकार की क्रोनिक बीमारी के शिकार लोगों को भी अन्य लोगों की तुलना में अधिक ठंड लग सकती है। आइए जानते हैं कि इसके लिए किन कारणों को मुख्यरूप से जिम्मेदार माना जाता है?

### कहीं आपमें विटामिन्स की कमी तो नहीं?

डॉक्टर कहते हैं, बहुत अधिक ठंड लगना कई बार शरीर में जरूरी पोषक तत्व और विटामिन की कमी के कारण भी हो सकता है। अगर शरीर में विटामिन बी12 की कमी है तो ठंड अधिक महसूस हो सकती है। यह विटामिन लाल रक्त कोशिकाओं के उत्पादन और ऑक्सीजन के परिवहन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस विटामिन की कमी होने पर शरीर लाल रक्त कोशिकाओं का उत्पादन नहीं कर पाता, जिससे एनीमिया हो सकता है।



### ये बीमारियां भी हो सकती हैं कारण

हाइपोथायरायडिज्म- यह बीमारी तब होती है जब थायरॉयड ग्रंथि पर्याप्त मात्रा में थायराइड हार्मोन नहीं बना पाती है। रक्त वाहिकाओं की समस्या- इस विकार (जैसे रेनॉड) के कारण शरीर के सभी अंगों तक रक्त का प्रवाह ठीक तरीके से नहीं हो पाता है। हाइपोथैलेमस की समस्या- मस्तिष्क का यह हिस्सा शरीर के तापमान को नियंत्रित करने वाले हार्मोन का उत्पादन करता है।

### क्या कहते हैं विशेषज्ञ?

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, अगर आपको ठंड अधिक महसूस हो रही है तो तुरंत सचेत हो जाएं और उचित उपचार कराएं। लंबे समय तक पोषक तत्वों की कमी होने से शरीर में कई गंभीर नुकसान हो सकते हैं। खान-पान और दिनचर्या में सुधार करके इस तरह की दिक्कतों में आराम पाया जा सकता है। अगर आपको विटामिन-बी12 या फिर थायरॉइड की समस्या है तो इस बारे में किसी विशेषज्ञ की सलाह जरूर ले लें। इन स्थितियों का समय पर उपचार न हो पाने के कारण कई तरह की जटिलताओं का जोखिम हो सकता है।

## शह और मात के खेल में देश भर से शामिल हुए 195 खिलाड़ी

**रायपुर।** केपीएस तुलसी डबल गोल्ड मेगा चेस चैंपियनशिप 2024 कृष्णा पब्लिक स्कूल (केपीएस) में टीम चेस सिटी रायपुर (सीसीआर) ने आयोजित की। इस दौरान शतरंज की अद्भुत प्रतिभाओं से खेल प्रेमी रूबरू हुए। इस टूर्नामेंट में 195 प्रतिभागियों ने भारत के विभिन्न हिस्सों से भाग लेकर जीत के लिए मुकाबले में हिस्सा लिया।

शीर्ष 10 खिलाड़ी में शिवांश शुक्लाः 7 अंक (नो रेटिंग) 11,000/- एवं ट्रॉफी,प्रियांश साहू : 7 अंक (1656 ईलो) 7,000/- एवं ट्रॉफी,मोबिन फारूक 6 अंक (2082 ईलो) 5,000/- एवं ट्रॉफी,अक्षत महोबियाः 6 अंक (1713 ईलो) 4,000/- एवं ट्रॉफी,संस्कार कश्यपः 6 अंक (1687 ईलो) 3,000/- एवं ट्रॉफी, रजनीकांत बख्शी : 6 अंक (1812 ईलो) 2000/- एवं ट्रॉफी,प्रभमन सिंह मल्होत्रा (अंडर 13)–6 अंक (1590 ईलो) 2000/- एवं ट्रॉफी ,विभाष कुमार सिन्हा 6 अंक (1738 ईलो) 1000/- एवं ट्रॉफी, उत्कर्ष यादव 6 अंक (1447 ईलो) 1000/- एवं ट्रॉफी,सालिक नवाज 6 अंक (1473 ईलो) 1000/- एवं ट्रॉफी शामिल हैं। श्रेणीवार पुरस्कार विजेताओं में सबसे कम उम्र के खिलाड़ी पुरस्कार ऋषन वर्मा,हितार्थ नाहर ,युवन कश्यप, सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी (अंडर-07) शाश्वत सोनी–




4/7,प्रथम कोठारी–3/7, आर्यन गोयल–2.5/7,सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी (अंडर-09) मनमीर ग्रेवाल–4/7,अर्नव झमानी–3.5/7,रुद्र शर्मा–3/7,सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी (अंडर-11) रियांश वर्मा– 4/7,आदित्य खरे–4/7, कुश भुतड़ा–4/7,सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी (अंडर-13) अभ्युदय तिवारी–4.5/7,नोहान सिंह साहू–4.5/7,अथर्व केडिया–4/7, सर्वश्रेष्ठ वरिष्ठ खिलाड़ी डॉ. बिधान चक्रवर्ती–4/7, शेख लतीफ–4/7,सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी रितेश जैन–4.5/7,विशाल कुमार–4.5/7,अनुज चौधरी–4.5/7, सर्वश्रेष्ठ स्कूल खिलाड़ी आदित्य जैन–4.5/72,अभिनव सिंह–4/73 और कुशाग्र साहू–4/7 तथा सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी काशिका सिंह 3/7,परिणीता वर्मा–2/7, रक्षिता सिंह–2/7 रहे। आयोजन को सफल बनाने में केपीएस तुलसी के सम्माननीय निदेशक अशुतोष त्रिपाठी, उप प्राचार्य शक्ति नायर, और मिर्जा सर के मार्गदर्शन का योगदान सराहनीय रहा।

## खरमास में भूलकर भी कभी तुलसी के पास न रखें ये चीजें

खरमास जल्द शुरू होने वाला है। 15 दिसंबर 2024 से शुरू हो रहा खरमास 2025 के पहले महीने में 14 जनवरी तक होगा। पंचांग के मुताबिक जब सूर्य धनु राशि से निकलकर मकर राशि में आ जाएगा तो मकर संक्रांति होगी। इसके शुरू होते ही खर मास खत्म हो जाता है। ज्योतिष शास्त्र में तुलसी के पास कुछ ऐसी चीजें हैं, जिन्हें खरमास के दौरान रखना अशुभ माना जाता है। ज्योतिषाचार्य पंडित विजयकांत भट्ट इस बारे में बता रहे हैं। खरमास के समय तुलसी के पास कभी भी पूजन सामग्री को नहीं रखना चाहिए। इसे पौधे से दूर रखकर ही पूजा-पाठ करना शुभ माना जाता है, वरना इससे माता लक्ष्मी क्रोधित हो सकती हैं और व्यक्ति को कभी आर्थिक लाभ नहीं मिलता है। तुलसी के पास कभी भी शिवलिंग को न रखें। क्योंकि ऐसा कहा जाता है कि पूर्व जन्म में तुलसी का नाम वृंदा था, जो जालंधर नाम के एक राक्षस की पत्नी थी। इस राक्षस का अंत भगवान शिव ने किया था, तभी भगवान शिव को तुलसी दल से दूर रखा जाता है। तुलसी के पास कांटेदार पौधों को गलती से नहीं रखना चाहिए। ये राहुदोष उत्पन्न करते हैं और इससे तुलसी जी नाराज हो सकती है।



## पटियाला ने राजौरी को दी 111 रनों से करारी शिकस्त

**रायपुर।** सिंह ए पंजाब पटियाला का धमाकेदार प्रदर्शन मंगलवार को भी जारी रहा। जब 16 वीं सिख प्रीमियर लीग के तहत मंगलवार को खेले गए मैच में मीत स्पोर्ट्स क्लब राजौरी को 111 रनों के विशाल अंतर से हराया। पटियाला टीम के इंदरप्रीत सिंह को शानदार 62 रन बनाने व 15 रन देकर 4 विकेट लेने पर प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। दूसरे मैच में चंडीगढ़ सिंग्स ने संत सिपाही हैदराबाद को 5 विकेट से पराजित किया। चंडीगढ़ के इसप्रीत सिंह को 62 रन (नॉट आउट) बनाने पर मैन ऑफ द मैच चुना गया। इस मैच में समाजसेवी अजीत कुकरेजा अतिथि रहे।

■ दूसरे मैच में चंडीगढ़ सिंग्स ने संत सिपाही हैदराबाद को 5 विकेट से पराजित किया

डब्ल्यूआरएस क्रिकेट ग्राउंड में खेले जा रहे टूर्नामेंट को लेकर आयोजन समिति की ओर से मुखी त्रिलोचन सिंह काले ने बताया कि पटियाला की टीम ने 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 218 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। जिसमें ओपनिंग करने उतरे करमजीत सिंह ने 88 रन (38 गेंद) की धमाकेदार पारी खेलते हुए 9 चौके व 6 छक्के लगाए। वहीं साथी खिलाड़ी इंदरप्रीत सिंह ने भी 62 रन (33 गेंद) में 5 छक्के व 5 चौके जड़े। राजौरी की ओर से सरबजीत ने 29 रन देकर 3 एवं कुलविंदर व बालकर ने 2-2 विकेट हासिल किए। जवाब में मीत स्पोर्ट्स क्लब राजौरी की टीम आधा स्कोर भी नहीं बना पायी, ओपनर डा.



गगन 0 व सरबजीत के 1 रन पर आउट होते ही उनकी पारी लडख़ड़ा गई। मध्यम क्रम के बल्लेबाज अमनप्रीत सिंह 38 व रायल सिंह ने 30 रन बनाकर संभालने की जरूर कोशिश की लेकिन पूरी टीम 16.1 ओवर में 107 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। प्लेयर ऑफ द मैच रहे इंदरप्रीत ने शानदार बालिंग की और 3 ओवर में 15 रन देकर 4 विकेट चटकाये। प्रभजोत व सोनू सुदार ने 2-2 विकेट लिए।

दूसरे मैच में चंडीगढ़ सिंग्स ने संत सिपाही हैदराबाद को 5 विकेट से पराजित किया। चंडीगढ़ के इसप्रीत सिंह को 62 रन (नॉट आउट) को मैन ऑफ द मैच चुना गया। पहले खेलते हुए संत सिपाही हैदराबाद की ओर से ओपनर राज आर्यन सिह ने फिर जोरदार बल्लेबाजी की और 4 छक्कों व 5 चौकों की मदद से 81 रन (63 गेंद) बनाए। शरणपाल के बनाये 26 रन को जोड़ दें तो पूरी टीम 7 विकेट खोकर केवल 158 रन ही बना पायी। चंडीगढ़ की ओर से हर्षदीप ने 2 विकेट लिए। चंडीगढ़ किंग्स ने अच्छी शुरुआत की मनिंदर ने 36 रन (26 गेंद), पुनीत ने 16 रन (8 गेंद) व इसप्रीत ने 62 रन (43 गेंद), सतवंत ने 21 रन (14 गेंद) बनाए और 16.5 ओवर में ही 5 विकेट खोकर 160 रन बना लिए। हैदराबाद की ओर से रमन सरदाना ने सर्वाधिक 25 रन देकर 3 विकेट लिए।

रायपुर बाजार
Contact For Advertisement 6263818152, 8766276107

ALERT SGS PVT. LTD.
अब आपकी सुरक्षा, सही हाथों में होगी
PROVIDER SECURITY SERVICE (Pan India)
Register Now : Web : www.alertsgs.com
Gmail : alertsgsprivatelimited@gmail.com
7746000016,7747000019

मेन्स वियर मेला BRAND BAZAR
INTERNATIONAL BRAND
होलसेल से भी कम रेट में !
इससे अच्छा और सस्ता कहीं नहीं !
• जींस • टी-शर्ट • शर्ट • लोअर • बरमूडा
मानसरोवर छत्तीसगढ़ का पहला मेन्स होलसेल हब जहाँ बड़े इंटरनेशनल ब्रांड के
आज ही विजिट करें:
80-81 टेक्सटाइल्स मार्केट गेट न. 2 के पास पंडरी, रायपुर
7880002712 7880002704
मानसरोवर

पैसा चाहिए ? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस 93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

SM@RT
SMART INDUSTRIAL SYSTEMS
Safety Equipment, Automation & IT Solutions
Nr. Indian Post Office, Shankar Nagar, Raipur
www.smartindustrialsystems.com
0771-2433880
CCTV Biometrics Fire Safety Video Conf. Networking & IT Solutions Vehicle Traking

पिकनिक सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक
बारनावापारा, सिरपुर में पिकनिक प्रति व्यक्ति केवल 650/- में
नाश्ता - दोपहर का लंच, शाम की चाय (मिनिमम 50 व्यक्तियों हेतु)
आओ और अपने परिवार और मित्रों के साथ एक यादगार दिन बिताएं !
01 ROOM 02 POOL 03 FOOD
Book Now ▪ KITTY PARTY ▪ ANNIVERSARY ▪ BIRTHDAY PARTY
भामरा गार्डन बारनवापारा
9589386162

घर, खेत एवं प्लाट में पानी जांच करवाने के लिए संपर्क करे
देश के नंबर 1 ग्राउंड वाटर चेकर Sorry bhai से
अधिक जानकारी के लिए हमारे यूट्यूब चैनल Kisan ka bore को सर्च करे...
मो.: 7000716599, 9301831212
बोर खुदाई करवाने से पहले पानी जांच अवश्य करवा ले

विक्ट्री इलेक्ट्रिक VICTORY
मात्र 10,000 रूपये डाऊनपेमेंट में गाड़ी लेकर जाये
ई-रिक्शा, बैटरी चलित ई-रिक्शा एवं ई लोडर
4 घंटे में गाड़ी फायनेंस करवा कर घर ले जाएं
एक बार चार्ज होने पर 100 से 120 किमी. चलती जाएं
सबसे सस्ता, सबसे अच्छा, सबसे कम कीमत पर सिर्फ विक्ट्री इलेक्ट्रिक पर
पॉवर सॉल्यूशन
हुण्डई शो रूम के पास, रिंग रोड नं. 1 कुशालपुर, रायपुर (छ.ग)
6263745853 9827129838

आपके विज्ञापन के लिये जगह उपलब्ध है।
संपर्क करें
मो. 6263818152, 7987119756

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## जेम्स बॉन्ड 007 की कास्टिंग में बदलाव अश्वेत अभिनेता के लिए जाने के संकेत



जेम्स बॉन्ड हॉलीवुड की एक हिट फ्रैंचाइज फिल्म है। पिछली फिल्म में डेनियल क्रेग जेम्स बॉन्ड के रोल में दिखे। अब इस सीरीज की अगली फिल्म में कोई नया एक्टर जेम्स बॉन्ड का किरदार निभा सकता है। इस बारे में निर्माताओं ने संकेत दिए हैं। स्पॉय-एक्शन फिल्मों के शौकीन लोगों का मनोरंजन 'जेम्स बॉन्ड 007' सीरीज की फिल्में लंबे समय से कर रही हैं। लगभग 62 साल से यह फ्रैंचाइज अलग-अलग अभिनेताओं के साथ जेम्स बॉन्ड सीरीज की फिल्में बना चुकी हैं। आखिरी जेम्स बॉन्ड फिल्म में डेनियल क्रेग मुख्य मुखिया में नजर आए। अब सुनने में आया है कि इस सीरीज की अगली फिल्म में नई कास्टिंग होने वाली है। जेम्स बॉन्ड का किरदार अब कोई नया अभिनेता निभा सकता है। फिल्म 'जेम्स बॉन्ड 007' से अभिनेता डेनियल क्रेग के बाहर होने के बाद से चर्चा चल रही है कि अब कौन सा अभिनेता यह किरदार निभाएगा। इस पर प्रोड्यूसर बारबरा ब्रोकोली ने एक जरूरी जानकारी दी है। उनका कहना है कि नया जेम्स बॉन्ड एक ब्लैक एक्टर यानी अश्वेत कलाकार हो सकता है। बारबरा ब्रोकोली एक इंटरव्यू में कहती हैं, 'जब हम किसी नए अभिनेता को कास्ट करते हैं तो फिल्म भी पूरी तरह से बदल जाती है। फिल्म में जब भी किसी एक्टर ने जेम्स बॉन्ड का रोल निभाया है तो उसने किरदार में कुछ नया और अलग पेश किया है। जब हमने डेनियल क्रेग को कसिनो रोयाल (2006) में 007 के लिए साइन किया था तो लोगों ने अलग-अलग तरह के रिएक्शन दिए।

### टॉलीवुड

## 'अमरण' से हटाया गया विवादित सीन कानूनी नोटिस मिलने के बाद लिया फैसला



साई पल्लवी और शिवकार्तिकेयन की फिल्म 'अमरण' का एक सीन विवाद का विषय बन चुका था, जिसे अब फिल्म से हटा दिया गया है। यह कदम निर्माताओं द्वारा 1.1 रुपये के मुआवजे की मांग करने वाले कानूनी नोटिस मिलने के बाद उठाया गया है। चेन्नई के छात्र वागीसन ने साई पल्लवी के प्रशंसकों द्वारा लगातार किए जा रहे कॉल को लेकर 'अमरण' निर्माताओं पर मुकदमा दायर किया, जिसके बाद उन दृश्यों से हटा दिया गया। फिल्म इस समय ओटीटी प्लेटफॉर्मों पर स्ट्रीम हो रही है। आइए जानते हैं क्या है पूरा मामला दरअसल, साई पल्लवी और शिवकार्तिकेयन की फिल्म 'अमरण' में एक दृश्य है, जिसमें अभिनेत्री साई पल्लवी एक कागज के टुकड़े पर अपना फोन नंबर लिखकर हीरो की ओर फेंकती हैं। वह नंबर असल जिंदगी में चेन्नई के एक छात्र वागीसन का है। फिल्म में दिखाए गए नंबर को साई का नंबर समझकर लोग फोन करने लगे। उन्हें पहले तो इसका कारण पता नहीं चला और उन्होंने अपना फोन म्यूट कर लिया, लेकिन कॉल की संख्या कई गुना बढ़ गई, जिसके बाद वागीसन ने सोशल मीडिया पर इस मुद्दे को उठाते हुए फिल्म के निर्देशक राजकुमार पेरियासामी और मुख्य अभिनेता शिवकार्तिकेयन को टैग करते हुए समाधान की मांग की। वागीसन ने बाद में इस सीन के कारण हुई "अनकही कठिनाइयों और मानसिक पीड़ा" के लिए कानूनी नोटिस भेजा, जब उनके अनुरोधों का कोई जवाब नहीं मिला। उन्होंने उनका फोन नंबर तुरंत फिल्म से हटाने की मांग की। उन्होंने कहा, ₹मैं इस मुद्दे के कारण अपना फोन नंबर नहीं बदलना चाहता क्योंकि यह मेरे आधार, बैंक कार्ड और अन्य शैक्षणिक प्लेटफार्मों से जुड़ा हुआ है।₹ 'अमरण' के प्रदर्शन की बात करें तो यह फिल्म इस साल अक्तूबर में रिलीज हुई।

### भोजपुरी

## खेसारी की 'डंस' का पोस्टर आउट, दमदार अंदाज में सबकी छुट्टी करने आए हिट मशीन



भोजपुरी सिनेमा के हिट मशीन कहे जाने वाले स्टार खेसारी लाल यादव की भोजपुरी फिल्म 'डंस' का मोशन पोस्टर 3 दिसंबर को रिलीज हो गया। मोशन पोस्टर में अभिनेता खेसारी लाल यादव एक नए लुक में नजर आ रहे हैं। फिल्म में उनके लुक को देखकर लगता है कि वे पहली बार इस तरह के दमदार किरदार में दिखने वाले हैं। जब से इस फिल्म का मोशन पोस्टर फिल्म के मेकर ने जारी किया है, सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। 'डंस' के मोशन पोस्टर में ट्रेंडिंग स्टार खेसारी लाल यादव माचिस की तीली से बीड़ी सुलगाते नजर आ रहे हैं। सुलगते बीड़ी की तपिश से बैंकग्राउंड में तेजी से बिजली कड़कने की आवाज आती है। इसके बाद आग की तपिश ऐसी बढ़ती है कि कुछ लोग खेसारी लाल यादव की तरह भागते नजर आ रहे हैं। फिल्म के मोशन पोस्टर को देखते हुए लगता है कि इस फिल्म में खेसारीलाल यादव काफी दमदार और अलग किरदार में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म को लेकर खेसारी लाल यादव काफी उत्साहित हैं। वह कहते हैं, 'हमारी कोशिश हमेशा रहीं कि अपने दर्शकों के लिए कुछ अलग लेकर आए। जिस तरह से दर्शकों ने मेरी हर फिल्म को प्यार दिया है। मुझे उम्मीद है कि इस फिल्म को भी दर्शक उतना ही प्यार देंगे। इस फिल्म में दर्शकों को काफी कुछ नया दिखने वाला है।'

### फैशन की कतार




पैलेस डी टोक्यो में आयोजित इस्से मियाके पेरिस फैशन वीक के प्रदर्शन में फैशन को रोनान बौरोलेक के चित्रों के साथ मिश्रित किया गया। इसे रनवे पर एक काव्यात्मक संग्रह का नाम दिया गया। इस साल पेरिस फैशन वीक के हिस्से के रूप में मेन्सवियर रेडी-टू-वियर फॉल-विंटर 2024/2025 संग्रह के लिए मॉडल इसे मियाके ने निर्मित कृतियों को प्रस्तुत किया है।

## मलाई में इन्हें मिलाकर चेहरे पर लगाएं खत्म हो जाएगा त्वचा का रूखापन



सर्दियों का मौसम शुरू होते ही लोग अपनी त्वचा के रूखेपन से काफी परेशान हो जाते हैं। कई बार तो ये रूखापन इस कदर बढ़ जाता है कि त्वचा फटने लगती है और इनसे खून तक निकलने लगता है। यदि आप अपनी त्वचा को आंतरिक रूप से हाइड्रेट करना चाहते हैं तो उसके लिए मलाई का इस्तेमाल करें।

**मलाई और शहद:** मलाई और शहद को मिलाकर यदि चेहरे पर लगाना जाएगा तो इससे न सिर्फ आपकी त्वचा की नमी बरकरार रहेगी, बल्कि साथ ही में ये त्वचा की प्राकृतिक चमक को बरकरार रखेगा।

**मलाई और बेसन:** मलाई और बेसन त्वचा की डेड स्किन को हटाता है, जिस वजह से त्वचा खिल उठती है। डेड स्किन हटने की वजह से त्वचा को ज्यादा नमी मिलती है।

इसके इस्तेमाल के लिए आपको सिर्फ 1 चम्मच मलाई में 1 चम्मच बेसन मिलाएं। अच्छी तरह से मिक्स करने के बाद इस पेस्ट को चेहरे पर लगाएं और 10-15 मिनट बाद हल्के हाथों से रगड़कर धो लें।

जान लें मलाई के इस्तेमाल के कुछ फायदे -

**त्वचा को नमी पहुंचाती है:** त्वचा पर मलाई लगाने से त्वचा में नमी बनी रहती है, जिससे त्वचा मुलायम और नर्म रहती है। यह खासतौर पर सर्दियों में उपयोगी होता है, जब त्वचा सूखने लगती है।

**बरकरार रहती है त्वचा की चमक:** यदि सर्दियों की वजह से आपकी त्वचा डल होती जा रही है तो आपको भी मलाई का इस्तेमाल करना चाहिए। मलाई में लैक्टिक एसिड पाया जाता है, ऐसे में इसके इस्तेमाल से त्वचा चमक उठती है।

**एलर्जी से मिलेगी राहत:** यदि आपकी त्वचा पर एलर्जी हो रही है, तब तो आपको मलाई का इस्तेमाल अवश्य करना चाहिए। खासतौर पर यदि चेहरे पर खुजली, चकत्ते, या दाने जैसी एलर्जी है, तो मलाई लगाने से राहत मिलती है।

## साड़ी में मॉडर्न लुक के लिए वियर करें न्यू डिजाइंस वाले खास श्रग






श्रग साड़ी के साथ स्टाइलिश लुक पाने के लिए बेट्स ऑप्शन है और इस्मने आपका लुक खूबसूरत भी नजर आता है। वहीं अगर आप मॉडर्न लुक चाहती हैं तो आप इस तरह के श्रग अपने साड़ी के साथ स्टाइल कर सकती हैं। कई सारे मौकों पर ट्रेडिशनल लुक पाने के लिए महिलाएं साड़ी वियर करती हैं। साड़ी एवरग्रीन फैशन है और ट्रेडिशनल लुक पाने के लिए साड़ी बेस्ट ऑप्शन है। लेकिन, अगर आप साड़ी में मॉडर्न लुक चाहती हैं तो साड़ी के श्रग स्टाइल कर सकती हैं। इस आर्टिकल में हम आपको कुछ न्यू डिजाइंस वाले श्रग दिखा रहे हैं जो आप साड़ी में स्टाइलिश लुक पाने के लिए बेस्ट ऑप्शन हो सकते हैं।

### वेलवेट श्रग

मॉडर्न लुक पाने के लिए आप इस तरह का वेलवेट श्रग स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह का वेलवेट श्रग न्यू लुक पाने के लिए बेस्ट ऑप्शन है और इस तरह का वेलवेट श्रग आपको कई सारे कलर में मिल जाएगा साथ ही कई सारे डिजाइन में आप इसे खरीद सकती हैं। इस वेलवेट श्रग को आप ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों ही जगहों से 1000 रुपये से कम कीमत में खरीद सकती हैं।

### एम्ब्रॉयडरी वर्क श्रग

आप इस तरह का एम्ब्रॉयडरी वर्क श्रग स्टाइल कर सकती हैं। इस श्रग में एम्ब्रॉयडरी वर्क किया हुआ है साथ ही इसमें एम्ब्रॉयडरी और सेक्विन वर्क किया हुआ है, इस तरह का एम्ब्रॉयडरी वर्क श्रग आप लाइट कलर की साड़ी के साथ वियर कर सकती हैं और इसे आप बाजार या ऑनलाइन प्लात्फोम से सस्ते दाम में खरीद सकती हैं।

### मिरर वर्क श्रग

इस तरह का मिरर वर्क श्रग का चुनाव आप आपनी साड़ी के हिसाब से लेक्र स्टाइल कर सकती हैं, इस तरह का मिरर वर्क श्रग आपके लुक को मॉडर्न लुक देने का काम करेगा और साड़ी के कलर के हिसाब से आप इसे 1200 रुपये की कीमत में खरीद सकती हैं।

## ठंड के मौसम में काले और ड्राई हो गए हैं लिप्स तो ये टिप्स करें फॉलो



ठंड के मौसम में जहां स्किन को सही केयर की जरूरत होती हैं तो वहीं सर्द मौसम में लिप्स की भी सही केयर करना जरूरी है। अगर इस मौसम में आप लिप्स की सही तरह से केयर नहीं करती हैं तो ये काले और ड्राई हो जाते हैं और इससे आपकी खूबसूरती भी कम हो जाती है। वहीं चेहरे की खूबसूरती बने रहे और काले और ड्राई लिप्स की समस्या कम हो तो आप लिप्स की सही तरह केयर करें। वहीं इस आर्टिकल में हम आपको कुछ टिप्स बता रहे हैं जो आप लिप्स की केयर करने के लिए फॉलो कर सकती हैं। वहीं इन टिप्स को आप अपने लिप्स केयर रूटीन में भी शामिल कर सकती हैं।

### नेचुरल ऑयल का करें इस्तेमाल

काले और ड्राई लिप्स की समस्या से निजात पाने के लिए आप नेचुरल ऑयल का इस्तेमाल कर सकती हैं। नेचुरल ऑयल आपके लिप्स को नमी प्रधान करेगा और साथ लिप्स को हेल्दी बनाने में भी मदद करेगा। नेचुरल ऑयल में आप नारियल तेल, बादाम का तेल का इस्तेमाल कर सकती हैं।

### इस तरह करें उपयोग

एक कटोरी में तेल लें, इसे हल्का गुनगुना करें। इसके बाद लिप्स को साफ करें। उंगलियों की मदद से लिप्स पर तेल अप्लाई करें। इसके बाद हल्का मसाज करें। ये काम आप नहाने और रात को सोने के बाद करें।

### शहद का करें इस्तेमाल

लिप्स के कालेपन और ड्राईनेस को दूर करने के लिए आप शहद का इस्तेमाल कर सकती है। शहद को नेचुरल मॉइश्चराइजर कहा जाता है साथ ही इसमें कई सारे गुण हिते हैं जो त्वचा से जुडी समस्या को कम करने में मददगार साबित हो सकते हैं।

## ब्लाउज की लटकन के डिजाइंस खुद घर में बनाएं



ब्लाउज को खूबसूरत अंदाज देने के लिए एक नहीं बल्कि कई विकल्प होते हैं। इनमें से एक है ब्लाउज की लटकन। बाजार में आपको लटकन के बहुत सारे डिजाइंन मिल जाएंगे, मगर यह महंगे भी होंगे और इन्हें पर्सनलाइज्ड टच देने के लिए आपको और भी ज्यादा पैसे खर्च करने पड़ेंगे। ऐसे में आप घर में खुद भी थोड़ी सी मेहनत और क्रिएटिविटी दिखाकर ब्लाउज के लिए लटकन बना सकती हैं। आज हम आपको ऐसे ही कुछ विकल्प दिखाएंगे, जिन्हें आप खुद से घर पर तैयार कर सकती हैं।

### दूल्हा-दुल्हन लटकन डिजाइन

अगर आप अपने शादी के लहंगे या साड़ी के ब्लाउज में अलग तरह की लटकन लगाना चाहती हैं, तो इसके लिए आप दूल्हा दुल्हन डिजाइन वाली लटकन लगा सकती हैं। इसे बनाना आसान कठिन नहीं है। आप घर पर कपड़ों की कतरन और थोड़े बहुत सजावटी सामान से इस तरह की लटकन बना सकती हैं। इसके लिए आपको बाजार से केवल दूल्हा-दुल्हन की कुछ आकृति वाली कपड़े की डॉल लानी होगी। इसके अतिरिक्त कुछ मोती और सितारे लाकर आप इस तरह की लटक बना सकती हैं। साथ ही इस पर अपना और अपने हसबैंड का नाम लिखकर इसे पर्सनलाइज्ड टच भी दे सकती हैं।

### गोटा-पट्टी वाली लटकन डिजाइन


गोटा-पट्टी का काम आपके ब्लाउज को ट्रेडिशनल टच दे सकता है। अगर आप कोई ऐसी साड़ी या लहंगा पहनने जा रही हैं, जिस पर गोटे का काम किया गया हो या गोटा-पट्टी एम्ब्रॉयडरी है, तो आप अपने ब्लाउज, लहंगे और साड़ी के रंग से मेल खाते कपड़ों के कोन बनाकर उस पर गोटा-पट्टी का काम कर सकती हैं। यहां आपको अपनी क्रिएटिविटी दिखाने की जरूरत है।

### कार्नर न्यूज

### आने वाले साल में नए मेकअप ट्रेंड खास आपके लिए

## नए साल के लिए बाजार में है मेकअप ट्रेंड, फॉलो करेंगी तो दिखेंगी खूबसूरत

*जिस तरह से साल बदलता है। वैसे ही हर साल मेकअप ट्रेंड भी चेंज होता है। इस ट्रेंड को सेलिब्रिटी से लेकर हर कोई फॉलो करना पसंद करता है, ताकि वो भी इसका हिस्सा बन सके। कई सारे ट्रेंड ऐसे होते हैं, जो अच्छे लगते हैं। लेकिन कुछ ऐसे होते हैं जो लोगों को कम पसंद आते हैं। मेकअप भी उन्हीं ट्रेंड में से एक है। हर साल ये बदलता है। लोग इसी के हिसाब से तैयार होते हैं और अपने लिए सही मेकअप को चूज करते हैं। साल 2025 शुरु होने में अब कम समय बाकी है। ऐसे में हर कोई आने वाले साल में ट्रेंड करने वाले मेकअप के बारे में बात करते नजर आ रहे हैं, ताकि उसे फॉलो कर सके। आप भी इसे फॉलो कर सकती हैं। इससे आपका लुक ही अट्रैक्टिव नजर आएगा। साथ ही, आप सबसे अलग नजर आएंगी। चलिए आपको बताते हैं साल 2025 में कौन से मेकअप है जो ट्रेंड रह सकते हैं।*



### स्मोकी कैट आई मेकअप

चेहरे की खूबसूरती तभी अच्छी लगती है। जब आंखों पर अच्छा मेकअप किया जाता है। ऐसा इसलिए क्योंकि इससे हर किसी की नजर आंखों पर ही जाती है। ऐसे में आने वाले साल में स्मोकी कैट आई मेकअप काफी ट्रेंड में रहने वाला है।

इस तरह का मेकअप नाइट आउट और पार्टी के लिए बेस्ट होता है। इसमें कुछ लोग डर्मेटिक आंखों को क्रिएट करना पड़ता है, तो कोई आईलाइनर से कैट आई मेकअप लुक क्रिएएट करता है। इससे पूरा मेकअप लुक ही चेंज हो जाता है।

### नो मेकअप लुक

नो मेकअप लुक हम सभी को पसंद होता है। इसलिए इसे क्रिएट करने में हमें कोई दिक्कत भी नहीं होती है। आप भी इसे किसी भी जगह के लिए क्रिएट कर सकती हैं। इसके लिए कम प्रोडक्ट का इस्तेमाल होता है। साथ ही, इसे क्रिएट करने में आसानी होती है।



### बोल्ड लिप्स मेकअप लुक

कई सारे लोग ऐसे होते हैं, जिन्हें ज्यादा बोल्ड मेकअप लुक पसंद नहीं होता है। ऐसे में वो हमेशा लिप्स पर बोल्ड लिपस्टिक को लगाना सबसे ज्यादा पसंद करते हैं। अगर आपको भी लिप्स को हाईलाइट करना चाहती हैं, तो साल 2025 में इस ट्रेंड को फॉलो कर सकती हैं। इस तरह का ट्रेंड काफी पसंद आता है। साथ ही, इससे मेकअप लुक सबसे अलग दिखने लगता है। इसके लिए बेस को सिंपल रखना पड़ता है। बस आपको लिप्स के लिए बोल्ड कलर को अप्लाई करना है। इसके बाद अच्छे से इसे हाइलाइट करना है। ऐसा करने से आपका मेकअप लुक अच्छा दिखने लगेगा। साथ ही, आपको बार-बार पार्लर जानें की भी जरूरत नहीं पड़ेगी। वैसे हर साल इस ट्रेंड को फॉलो करते हुए एक्ट्रेस के साथ-साथ हम लोग भी नजर आते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि इससे मेकअप अच्छे से हाइलाइट होता है।